राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्ष: 11 अंक: 173 पृष्ठ : 08, नई दिल्ली, मंगलवार, 04 जनवरी 2022 मूल्य: 1.50/-

## खास खबर

### श्री जगन्नाथ मंदिर एक बार फिर भक्तों के लिए खुला

**पुरी (ओडिशा)।** श्री जगन्नाथ मंदिर 31 दिसंबर से तीन दिनों तक बंद रहने के बाद एक बार फिर सोमवार को भक्तों के लिए खोल दिया गया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के एक अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर नए साल के आसपास भीड़ से बचने के लिए 12वीं शताब्दी के मंदिर को बंद कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि इन तीन दिन के दौरान पुजारियों और सेवकों ने मंदिर में सभी अनुष्ठान किए। मंदिर को रोगाणुमुक्त करने का काम भी किया गया।

### गंगा सागर मेला रद्द करने की जनहित याचिका दायर

**कोलकाता।** कोविड-19 मामलों में तेजी के बीच सोमवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष एक जनहित याचिका दायर कर अनुरोध किया गया कि इस साल के गंगा सागर मेले को रद्द कर दिया जाए। पेशे से डॉक्टर याचिकाकर्ता ने दावा किया कि हर साल करीब 30 लाख तीर्थयात्री सागर द्वीप पर धार्मिक मेले में आते हैं तथा इससे कोरोना वायरस संक्रमण और भी फैल सकता है।

### मानहानि के मुकदमे को खारिज करने की मांग

**मुंबई।** गीतकार जावेद अख्तर ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तुलना कट्टर आतंकवादी संगठन तालिबान से करने संबंधी अपने कथित बयान के खिलाफ दाखिल मानहानि के एक मुकदमे को खारिज करने की मांग करते हुए सोमवार को ठाणे जिले की एक अदालत में आवेदन दाखिल किया। 76 वर्षीय अख्तर ने आरोप लगाया कि केवल उन्हें धमकाने और डराने के लिए याचिका दायर की गई है और उनके कथित अपमानजनक बयान आरएसएस या इसके मौजूदा सदस्यों के लिए नहीं थे।

### तेलंगाना प्रदेश भाजपा अध्यक्ष न्यायिक हिरासत में भेजे गए

**करीमनगर।** भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष और सांसद बी संजय कुमार को सोमवार को गिरफ्तारी के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। कुमार को आज मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया था। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुमार को विभिन्न आरोपों में गिरफ्तार किया गया था जिनमें आपदा प्रबंधन अधिनियम के प्रावधान के अलावा लोक सेवक की ओर से जारी आदेश के उल्लंघन का आरोप है।



**15 से 18 की उम्र वालों को टीके की पहली खुराक लगाई**

दिल्ली में सोमवार को 15 से 18 आयु वर्ग के लिए कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान शुरू हो गया।

# चुनाव वाले पांच राज्यों को ईसी ने दिए कोविड के निर्देश

■ नई दिल्ली



अगले साल जिन पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं, उनमें कोविड-19 के हालात का आकलन करने के कुछ दिन बाद निर्वाचन आयोग ने उनसे कोविड टीकाकरण अभियान को तेज करने और यह सुनिश्चित करने को कहा है कि चुनाव ड्यूटी पर लगाए गए लोगों ने दोनों खुराक लगवा रखी हों। सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर और पंजाब के मुख्य सचिवों को लिखे हालिया पत्र में आयोग ने पांचों राज्यों को यह भी याद दिलाया कि मतदान कर्मी अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों में आते हैं और उन्हें कोविड टीके की तीसरी या अतिरिक्त खुराक दी जा सकती है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी कुछ दिन पहले यह बात कही थी। पत्र के हवाले से सूत्रों ने बताया कि आयोग ने कहा कि इन राज्यों में जिन चुनाव कर्मियों को तैनात किया जाता है उन्हें कोविड टीके की दोनों खुराक लगी होनी चाहिए और जो दूसरी खुराक के पात्र हों, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूसरी खुराक लगवानी चाहिए। उत्तर प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल मई में समाप्त होगा, वहीं गोवा, मणिपुर और पंजाब विधानसभाओं के कार्यकाल मार्च में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त होने वाले हैं। आयोग इस महीने के पहले पखवाड़े में पांच राज्यों में चुनावों की तारीख का ऐलान कर सकता है।

आयोग ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के साथ 27 दिसंबर को पांचों राज्यों में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति का जायजा लिया था और सरकार से इन राज्यों में टीकाकरण कार्यक्रम तेज करने को कहा था। उसने कहा था कि उत्तर प्रदेश, पंजाब और मणिपुर में ऐसे लोगों की संख्या का प्रतिशत अब भी कम है जिन्होंने टीके की पहली खुराक लगवा ली है, वहीं उत्तराखंड और गोवा में यह शत-प्रतिशत के करीब है। आयोग ने केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव से इन पांच राज्यों में पात्र लोगों को टीके की दूसरी खुराक लगवाने की प्रक्रिया तेज करने को कहा था।

### अपने धर्म का पालन करें लेकिन घृणा भाषण से दूर रहें : नायडू

**कोट्टायम (केरल)।** उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने अन्य धर्मों की बुराई करने और समाज में मतभेद पैदा करने के प्रयासों के खिलाफ असंतोष जताया और कहा कि प्रत्एक व्यक्ति को देश में अपने धर्म को मानने और उसका पालन करने का अधिकार है। नायडू ने कहा, अपने धर्म का पालन करें लेकिन घृणा भाषण और लेखनी से दूर रहें। रेखांकित करते हुए कि घृणा भाषण और लेखनी संस्कृति, विरासत, परंपराओं, संवैधानिक अधिकारों और नैतिकता के खिलाफ हैं, नायडू ने कहा कि धर्मनिरपेक्षता प्रत्एक भारतीय के खून में है और दुनिया भर में संस्कृति और विरासत को लेकर हमारे देश का सम्मान किया जाता है। आधिकारिक बयान के अनुसार, इस संबंध में उपराष्ट्रपति ने भारतीय नैतिकता को और मजबूत बनाने की बात कही।

# गहलोत ने मोदी सरकार को बताया छापे वाली सरकार

■ जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र पर हमला करते हुए छापों वाली सरकार बताया है। हमारे यहां छापे पड़े, मेरे भाई के यहां भी छापे डाले। जब यह सरकार जाएगी ते आम आदमी कहेगा कि यह छापे वाली सरकार थी। महाराष्ट्र में जब अजीत पवार के यहां छापे पड़े तो उनकी सिस्टर के यहां भी छापा डाल दिया। पवार की सिस्टर दो कमरे के फ्लैट में रहती है।

**राहुल जी बहुत समझदार नेता हैं:**

प्रेस क्लब में प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में सोमवार को गहलोत ने कहा- अब तो बीजेपी वाले भी कहने लगे हैं कि विपक्ष मजबूत रहना चाहिए। राहुल गांधी को ये लोग समझ नहीं रहे हैं। मैं 10 महीने उनके साथ रहा हूं, वह समझदार हैं। किसी ने उनसे सवाल किया था कि बीजेपी मुक्त की बात क्यों नहीं करते तो उन्होंने कहा था कि बीजेपी-आरएसएस खत्म नहीं होने चाहिए, हम उनसे विचारधारा के आधार पर लड़ेंगे, दुश्मनी नहीं हैं,राहुल गांधी इस सोच के नेता हैं।

आरएसएस-बीजेपी ने पहले इंदिरा गांधी को भी बदनाम करने का प्रयास किया। राजीव गांधी को भी बदनाम किया। इनकी रणनीति कांग्रेस के नंबर वन नेता पर हमले की रहती है।सीएम ने कहा- मैंने हमेशा अलग तरह की राजनीति की है। मुझे संतोष है पूरी जिंदगी का और जिस अप्रोच से पब्लिक की सेवा की उसका। जब पब्लिक हित के फैसले करता हूं तो मुझे आनंद आता है।



**मुझे अंग्रेजी में बात करना नहीं आता**

गहलोत ने कहा- जैसे मैं अंग्रेजी में बात नहीं कर सकता। हमारे बचपन में अंग्रेजी का बड़ा विरोध होता था, उस वक्त सोचा था कि यह क्या काम आएगी? आज अंग्रेजी इंटरनेशनल लैंग्वेज है। हमने 3500 अंग्रेजी स्कूल खोलने का फैसला किया हैं, आने वाले कुछ साल में गांव के बच्चे भी आपको अंग्रेजी में बात करते नजर आएंगे।

### लखीमपुर खीरी कांड : एसआईटी ने दाखिल किया 5000 पन्नों का आरोप पत्र

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सोमवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष समेत सभी 14 अभियुक्तों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी एस पी यादव ने यहां बताया कि एसआईटी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चिंताराम की अदालत में 5,000 पन्नों का आरोप पत्र दाखिल कर दिया है। उन्होंने बताया कि यह आरोप पत्र पिछले साल तीन अक्टूबर को गाड़ियों से कुचलकर चार किसानों की कथित रूप से हत्या किए के मामले से संबंधित है। इसमें वीरेंद्र शुक्ल नामक एक और आरोपी का नाम शामिल किया गया है। इस तरह मामले के अभियुक्तों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है।

यादव ने बताया कि इस मामले में मुख्य अभियुक्त आशीष के साथ-साथ अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, सत्यम त्रिपाठी, लतीफ उर्फ काले, शेखर भारती, सुमित जायसवाल, आशीष पांडे, लवकुश राणा, शिशुपाल, उल्लास कुमार उर्फ मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा तथा धर्मेंद्र बंजारा नामक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### भाजपा के प्रदर्शनों से दिल्ली हुई जाम



दिल्ली सरकार की आबकारी नीति के खिलाफ भाजपा ने पूरी दिल्ली में चक्का जाम लगाया। लगभग पूरी दिल्ली में जाम के यही दृश्य दिखाई दिए।

# यह सोचकर न बैठें कि ओमीक्रोन हल्का है, टीका लगवाएं: विशेषज्ञ

एजेंसी ■ पुणे

एक शीर्ष महामारी विज्ञान और संचारी रोग विशेषज्ञ ने सोमवार को कहा कि लोगों को जल्द से जल्द खुद को टीका लगवाना चाहिए और यह सोचकर नहीं बैठ जाना चाहिए कि कोविड-19 का ओमीक्रोन स्वरूप हल्का है।उन्होंने कहा कि यह वायरस उन लोगों को अपनी चपेट में ले सकता है जो बुजुर्ग हैं, जिन्होंने टीकाकरण नहीं कराया है और जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है।भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) में महामारी विज्ञान और संचारी रोगों के पूर्व प्रमुख डॉ. रमण गंगाखेडकर ने कहा कि किसी को हर्ड इम्युनिटी के होने का इंतजार नहीं करना चाहिए क्योंकि उस प्रक्रिया में समय लगेगा और बहुत से लोग मर सकते हैं। हर्ड इम्युनिटी संक्रामक बीमारियों के खिलाफ अप्रत्यक्ष रूप से बचाव होता है। यह तब होती है जब आबादी या लोगों के समूह टीका लगने पर या फिर संक्रमण से उबरने के बाद उसके खिलाफ रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर लेते है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने पूछा, प्राकृतिक प्रतिरक्षा (संक्रमण द्वारा) की प्रतीक्षा करने के बजाय, यदि हम टीके के माध्यम से प्रतिरक्षा के लिए जाते हैं, तो यह अच्छा होगा और नुकसान कम से कम होगा। संक्रमण होना कभी भी अच्छा नहीं होता है, भले ही वह हल्का हो।



# शादी की उम्र संबंधी विधेयक पर चर्चा में महिलाओं की भागीदारी की मांग

एजेंसी ■ नई दिल्ली/मुंबई

शिव सेना नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने सोमवार को इस बात पर गहरी आपत्ति जताई कि लड़कियों के विवाह की कानूनी आयु को बढ़ाकर 21 साल करने संबंधी विधेयक के आगे की पड़ताल का जिम्मा संसद की जिस 31 सदस्ईय समिति को सौंपा गया है, उसमें मात्र एक महिला सांसद है। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू को लिखे एक पत्र में महाराष्ट्र से राज्यसभा की सदस्य चतुर्वेदी ने कहा, यह हताशा की बात है कि महिलाओं और भारतीय समाज से संबंधित इस विधेयक पर एक ऐसी समिति चर्चा करेगी जिसमें प्रतिनिधित्व ही बहुत अनुचित है। द्रमुक की नेता ने ट्वीट कर कहा, कुल 110 महिला सांसद हैं लेकिन सरकार ने देश की हर युवती को प्रभावित करने वाले विधेयक को एक ऐसी समिति को सौंपा है जिसमें सिर्फ एक महिला और 30 पुरुष हैं।

महिलाओं के अधिकार पुरुष तय करते रहेंगे और महिलाएं महज मूकदर्शक बनी रहेंगी ? स्थाई समिति में महिलाओं का उचित प्रतिनिधितव ना होने पर चिंता जताते हुए चतुर्वेदी ने नायडू से बाल विवाह निषेध (संशोधन) विधेयक पर चर्चा में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता विनय सहस्रबुद्धे के नेतृत्व वाली संसद की इस स्थाई समिति में कुल 31 सदस्य हैं और इनमें तृणमूल कांग्रेस की सांसद सुष्मिता देव अकेली महिला हैं।

**जरा हट के... बग्गा**




# लोकसभा अध्यक्ष ने अब तक टीका नहीं लगवाए लोगों से अपील की

■ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को कहा कि कोरोना वायरस का ओमीक्रोन स्वरूप उन लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा है, जिन्होंने अब तक टीकाकरण नहीं करवाया है। उन्होंने ऐसे लोगों से तुरन्त टीका लगवाने की अपील की। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, देश में ओमीक्रोन से संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है। यह वायरस उन लोगों के लिए सबसे बड़ा खतरा है जिन्होंने अब तक टीकाकरण नहीं करवाया है। मेरा उन सभी लोगों से विनम्र अनुरोध है कि तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपना टीकाकरण करवाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सोमवार को अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ओमीक्रोन के अब तक कुल।,700 मामले सामने आए हैं जिनमें से 639 लोग इस रोग से उबर गए या विदेश चले गए। आंकड़ों के मुताबिक, भारत में कोविड के कुल 33,750 नए मामले सामने आए हैं, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़ कर।,45,582 हो गई है।

### लखीमपुर खीरी मामला

# राहुल गांधी ने केंद्रीय मंत्री मिश्रा की बर्खास्तगी की मांग की

एजेंसी ■ नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी नीत सरकार लखीमपुर खीरी हिंसा में आरोपियों को बचाने की कोशिश कर रही है और उन्होंने मामले में एसआईटी द्वारा आरोपपत्र दाखिल करने के बाद केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग की।लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने सोमवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा को बर्खास्त करने की मांग करते हुए ट्वीट किया, 5,000 पेज वाली चार्जशीट का सच पूरे देश ने वीडियो के रूप में देखा है। फिर भी मोदी सरकार आरोपियों को बचाने में लगी है। भारत गवाह है।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने कहा कि झूठी माफी और कृषि कानूनों को वापस लेने से मोदी सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को ढकने में मदद नहीं मिलेगी। उन्होंने ट्वीट किया, वे रक्षक के पद पर हैं, लेकिन भक्षक के साथ खड़े हैं। लखीमपुर खीरी नरसंहार मामले के आरोपपत्र में भी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री के बेटे ही किसानों को कुचलने की घटना के मुख्य आरोपी हैं।

**प्रभाव** दिल्ली महिला आयोग ने महिलाओं की तस्वीरें अपलोड किए जाने पर लिया संज्ञान

# बुल्ली बाई ,सुल्ली डील मामले में महिला आयोग का सम्मन

एजेंसी ■ नई दिल्ली




दिल्ली महिला आयोग ने बुल्ली बाई और सुल्ली डील ऐप पर आपत्तिजनक सामग्री से जुड़ी जांच के सिलसिले में दिल्ली पुलिस से इस सप्ताह के आखिर में उसके समक्ष पेश होने को कहा है। दिल्ली महिला आयोग द्वारा सोमवार को जारी बयान के अनुसार, बिना सहमति के गिटहब ऐप पर कई मुसलमान महिलाओं की तस्वीरें अपलोड किए जाने के संबंध में मीडिया में आई खबरों पर उसने स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस से उसके समक्ष पेश होने और सुल्ली डील तथा बुल्ली बाई मामलों में गिरफ्तार किए गए लोगों की सूची मांगी है।

बयान में कहा गया है कि इतने गंभीर मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना विचलित करने वाली बात है और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के इस रूख से, महिलाओं और लड़कियों को ऑनलाइन बेचने के दोषियों और अन्य लोगों के हौसले मजबूत हुए हैं। उसने कहा, ऐसी खबरें हैं कि कुछ अज्ञात लोगों के समूह ने गिटहब का उपयोग कर एक ऐप पर सैकड़ों मुसलमान महिलाओं और लड़कियों की, छेड़छाड़ के जरिए तैयार तस्वीरें अपलोड की हैं और उन्हें बुल्ली डील ऑफ द डे करके साझा भी किया है। आयोग ने कहा कि 2021 में सुल्ली डील्स के नाम से, गिटहब पर ही कई मुसलमान महिलाओं और लड़कियों की तस्वीरें अपलोड की गई थीं। दिल्ली महिला आयोग ने कहा, इस मामले में दिल्ली महिला आयोग के हस्तक्षेप के बाद दिल्ली पुलिस ने पिछले साल जुलाई में प्राथमिकी दर्ज की, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। दिल्ली पुलिस को छह जनवरी को दोनों मामलों की पूरी केस फाइल के साथ आयोग के समक्ष उपस्थित होने को कहा गया है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा, मेरा विचार है कि साइबर अपराध से जुड़े मामलों में दिल्ली पुलिस के ढीले रवैए के कारण ऐसी घटनाएं हो रही हैं। सुल्ली डील्स मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है? दिल्ली पुलिस सुल्ली डील्स और बुल्ली बाई मामलों में तत्काल गिरफ्तारी करे और साइबर अपराध मामले में कार्वाई करे। उन्हें सम्मन भेजा है। जवाबदेही तय की जानी चाहिए। एक ऐप पर कम से कम 100 प्रभावशाली मुसलमान महिलाओं की तस्वीरें नीलामी के लिए अपलोड की गई हैं, जिसे लेकर बड़ा विवाद पैदा हो गया है।

## सार समाचार

### 9 दिन से घरों में कैद चीन के एक करोड़ 30 लाख लोग, आई भुखमरी की नौबत

कोरोना वायरस की शुरूआत साल 2019 में हुई थी। चीन से शुरू हुए इस वायरस ने पूरी दुनिया को घरों के भीतर कैद कर दिया। देशो ने अपनी सीमाएं बंद कर दी और बड़े पैमाने पर यात्रा को बंद कर दिया गया। कोविड -19 मामलों को नियंत्रित करने के लिए चीन की रणनीति चर्चा का विषय रही है क्योंकि देश ने 2020 में वुहान में पहला लॉकडाउन लागू की थी जो 76 दिनों के बाद समाप्त हुई थी। अब लाखों चीनी निवासी शियान शहर में एक और सख्त लॉकडाउन के तहत रह रहे हैं। चीन के कई शहरों में लॉकडाउन के बीच भुखमरी की नौबत आ गई है। चीन के शियान में लोगों ने कई दिनों से खाना नहीं खाने की शिकायत की है। चीन के शियान शहर में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि लॉकडाउन में की जा रही अनावश्यक कड़ाई की वजह से उनके पास खाने का भोजन तक नहीं हैं। दूसरी तरफ चीनी अधिकारियों ने दावा किया है कि लोगों को पर्याप्त भोजन की सप्लाई की जा रही है। इस शहर में एक करोड़ 30 लाख लोग पिछले नौ दिनों से अपने-अपने घरों में कैद हैं।

1 करोड़ 30 लाख की आबादी कैद

शियान में लॉकडाउन का ऐलान हाल में ही कोरोना के मामलों के बढ़ने के बाद लगाया गया है। साल के आखिरी दिनों में चीन में एक बार फिर कोरोना के मामले तेजी से बढ़े हैं। शियान में लोगों ने शिकायत की है कि उनके पास घर का जरूरी सामान भी खत्म हो रहा है। बता दें कि चीन के 1 करोड़ 30 लाख की आबादी वाले शहर शियान में लोग पिछले छह दिनों से घरों में कैद हैं। विंटर ओलंपिक की वजह से परेशान सरकार ने सख्त लॉकडाउन लगा दिया।

### अमेरिका के मिसीसिपी में नये साल के मौके पर हुई पार्टी में गोलीबारी, तीन मरे, चार घायल

गल्फपोर्ट। मिसिसिपी में नये साल के मौके पर हुई पार्टी में कई लोगों द्वारा गोलीबारी करने के बाद तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गल्फपोर्ट नव वर्ष पार्टी शुरू होने के बाद हुई झड़प में लोगों ने गोलीबारी शुरू कर दी।इस संबंध में अभी किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। हैरिसन काउंटी के कोरोनर ब्रायन स्विट्जर ने मीडिया को बताया कि मारे गए तीन लोगों की पहचान डी इबरविल के 23 वर्षीय कोरी डुबोस, गल्फपोर्ट के 28 वर्षीय सेड्रिक मैककॉर्ड और बे सेंट लुइस के 22 वर्षीय ऑब्रे लुईस के रूप में हुई है। प्रशासन के अनुसार एक घायल की हालत नाजुक है, वैसे उसका नाम नहीं बताया गया है।

### फ्रांस में संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच छह साल के बच्चों के लिए मास्क अनिवार्य

पेरिस। फ्रांस में कोविड-19 के मामलों में तेज बढ़ोतरी के बीच अधिकारियों ने शनिवार को घोषणा की कि छह साल और उससे अधिक उम्र के बच्चों को बंद सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनना होगा। फ्रांस में लगातार चौथे दिन कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमण के 200,000 से अधिक नए मामले सामने आए हैं। सरकार मास्क पहनने के लिए बच्चों की उम्र 11 साल से घटाकर छह साल करके स्कूलों को बंद करने से बचने की कोशिश कर रही है। फ्रांस में सोमवार से कक्षाएं फिर से शुरू होंगी और छोटे बच्चों को सार्वजनिक परिवहन, खेल परिसरों और पूजा स्थलों में मास्क पहनना होगा। मास्क पहनना अनिवार्य करने संबंधी यह आदेश पेरिस और ल्योन जैसे शहरों तक बढ़ा दिया गया है। यहां हाल में घर से बाहर निकलने पर मास्क पहनना अनिवार्य किया गया है। नए साल के पहले दिन फ्रांस में संक्रमण के 219,126 नए मामले सामने आए, जो 2021 के अंतिम दिन 232,200 के दैनिक मामलों से थोड़ा कम है। फ्रांस सरकार तेजी से फैलने वाले ओमीक्रोन स्वरूप से आई महामारी की पांचवीं लहर को अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक लॉकडाउन या कर्फ्यू लगाए बिना काबू करने का प्रयास कर रही है। फ्रांस में कोविड-19 से 123,000 लोगों की जान गई है।

### उत्तरी पाकिस्तान में 5.3 की तीव्रता के भूकंप के झटके

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के उत्तरी हिस्से स्थित खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुछ इलाकों में शनिवार को 5.3 की तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किये गए। भूकंप के झटके प्रांत की राजधानी पेशावर में भी महसूस किये गए जिससे निवासियों में दहशत उत्पन्न हो गई। भूकंप शाम लगभग सवा छह बजे आया और इसका केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा से लगे इलाके में जमीन से 180 किलोमीटर नीचे स्थित था। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार भूकंप के झटके स्वात घाटी, पेशावर, लोअर दीर, स्वाबी, नौशेरा, चित्राल, मर्दन, बाजौर, मलकंद, पब्बी, अकोरा, इस्लामाबाद और इसके आसपास के इलाकों में महसूस किए गए। ह्यडॉनह्ल अखबार की खबर के अनुसार, बड़ी संख्या में निवासी दहशत में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए अपने घरों से बाहर निकल आए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, अभी तक किसी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। पिछले साल 24 दिसंबर को स्वात और खैबर पख्तूनख्वा के अन्य इलाकों में 4.2 तीव्रता का भूकंप आया था। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, इसका केंद्र हिंदू कुश पर्वत श्रृंखला में 226 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। पिछले साल आठ दिसंबर को कराची के कुछ हिस्सों में 4.1 तीव्रता का एक और भूकंप आया था। निगरानी केंद्र ने कहा कि इसका केंद्र डीएचए कराची से 15 किलोमीटर उत्तर में जमीन से 15 किलोमीटर नीचे स्थित था।

### मध्य पश्चिमी अमेरिका में बर्फबारी, नए साल पर ठंड ने दी दस्तक

शिकागो (अमेरिका)। मध्य पश्चिमी अमेरिका में नव वर्ष के पहले दिन बर्फबारी के साथ सर्दी की शुरूआत हो गई है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बताया कि शनिवार को



बर्फबारी आरंभ हुई और रविवार सुबह तक छह इंच बर्फ गिरने की संभावना है। मिशिगन में मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि शनिवार रात को भारी बर्फबारी हुई और पश्चिमी मिशिगन के इंटरस्टेट 94 में छह इंच और राज्य के दक्षिणपूर्वी हिस्से में तीन से पांच इंच तक बर्फ गिरने का पूवार्नुमान है। शिकागो और आसपास के उपनगरों में दक्षिण-पश्चिम से आने वाली सर्द हवाएं और मिशिगन झील से आने वाली उत्तरपूर्वी हवा चल रही है। मौसम वैज्ञानिक ब्रेट बोरचर्ड ने ह्यशिकागो ट्रिब्यूनह्ल से कहा, अंततः सर्दी आ गई है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालकों को सचेत किया है कि बारिश और बर्फबारी के कारण सड़कों पर फिसलन पैदा हो सकती है और दृश्यता का स्तर कम हो सकता है।



कोलो में जंगल की आग में सब कुछ खाक होने के बाद विलियम क्लेन नामक एक नागरिक अफसोस की मुद्रा में।

### अमेरिका के कोलोराडो में जंगल में लगी भयंकर आग, एक हजार मकान जलकर खाक

सुपीरियर (अमेरिका)। अमेरिका में कोलोराडो राज्य के एक जंगल में लगी आग की चपेट में आने से करीब एक हजार मकान और अन्य ढांचे जलकर खाक हो गए और तीन लोग लापता हैं। बोल्डर काउंटी के शेरिफ (काउंटी में कानूनी मामलों के अधिकारी) जो पेले ने शनिवार को बताया कि जांच अधिकारी आग के कारणों का पता लगा रहे हैं। बृहस्पतिवार से भड़की आग के कारण डेनवेर और बोल्डर शहरों के बीच के इलाकों में धुआं भर गया और आसमान में लपटें उठती दिखीं। काउंटी के एक अधिकारी ने बताया कि यह जांच की जा रही है कि कहीं सुपीरियर शहर के पश्चिम में करीब 3.2 किलोमीटर क्षेत्र में फैले घास के मैदान से तो आग नहीं फैली। आसपास के इलाकों की घेराबंदी कर दी गई है। अधिकारियों ने पूर्व में बताया था कि शुक्रवार तक 500 से ज्यादा मकान आग से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आग की भयावहता को देखते हुए इलाके से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया था। बोल्डर काउंटी की प्रवक्ता जेनिफर चर्चिल ने बताया कि विभिन्न जगहों से तीन लोगों के लापता होने की आशंका है। पेले ने बताया कि लुइसविले में 553, सुपीरियर में 332 और काउंटी के अनिगमित हिस्सों में 106 मकान आग में जलकर खाक हो गए। उन्होंने आशंका जताई कि यह संख्या बढ़ सकती है। डेनवेर से उत्तर पश्चिम में करीब 32 किलोमीटर दूर लुइसविले और सुपीरियर के आसपास के जंगल में लगी आग की घटना से कम से कम सात लोग घायल हो गए।

## कोरोना से जंग में अफगानिस्तान की मदद को आगे आया भारत, 500,000 कोविड-19 वैक्सीन कीं गिफ्ट

**काबुल (एजेंसी)**

भारत ने शनिवार को काबुल में इंदिरा गांधी चिल्ड्रन हॉस्पिटल को कोविड-19 टीकों की 500,000 खुराक दान कीं और आने वाले हफ्तों में अफगानिस्तान के लोगों के लिए मानवीय सहायता के हिस्से के रूप में 500,000 और टीके भेजने का वादा किया है। टीकों को ईरान की 'महान एयर' की उड़ान के माध्यम से काबुल भेजा गया था क्योंकि वर्तमान में भारत और अफगानिस्तान के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इससे पहले भी भारत ने इसी अस्पताल में 1.6 टन जीवन रक्षक दवाएं भेजी थीं, जिसकी तालिबान ने प्रशंसा की थी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'आज, भारत ने अफगानिस्तान को कोविड-19 वैक्सीन (कोवैक्सिन) की 500,000 खुराक से युक्त मानवीय सहायता के अगले बैच की आपूर्ति की। इसे इंदिरा गांधी अस्पताल, काबुल को सौंप दिया गया।'

बयान में कहा गया है, 'आने वाले हफ्तों में अतिरिक्त 500,000 खुराक की आपूर्ति की जाएगी।' 11 दिसंबर को, भारत सरकार ने काबुल में इंदिरा गांधी बाल स्वास्थ्य संस्थान को एक विशेष चार्टर उड़ान से 1.6 टन दवाएं भेजीं, जिसमें अफगानिस्तान के तालिबान के कब्जे के बाद भारत में फंसे 85 अफगान नागरिकों को भी भेजा गया था। इसी फ्लाइट से एक 104 लोग, जिनमें ज्यादातर अफगान सिख और हिंदू थे, काबुल से नई दिल्ली लाए थे।

**पाक ने अटकाई भारत से अफगान के लिए मानवीय सहायता**

शनिवार को दिए गए टीकों की तरह अन्य दवाएं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के माध्यम से भेजी गईं। इसके अलावा अफगानिस्तान को पाकिस्तानी भूमि मार्गों के माध्यम से 50,000 टन गेहूं उपलब्ध कराने की भारत की पेशकश, पाकिस्तान द्वारा लगाई गई शर्तों के कारण रोक दी गई है। 3 दिसंबर को, पाकिस्तान ने कहा कि वह अफगान ट्रकों में वाघा लैंड बॉर्डर क्रॉसिंग के माध्यम से गेहूं और दवाओं को भेजने की अनुमति देगा, लेकिन अभी इसके तौर-तरीकों को अंतिम रूप देना बाकी है।

**संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के संपर्क में भारत**

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अफगान लोगों को खाद्यान्न, कोविड-19 टीकों की एक मिलियन खुराक और आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं से युक्त मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने कहा कि भारत आने वाले हफ्तों में गेहूं और शेष चिकित्सा सहायता की आपूर्ति करेगा। इस संबंध में, हम परिवहन के तौर-तरीकों को अंतिम रूप देने के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और अन्य लोगों के संपर्क में हैं।

## सेना को विदेशी लक्ष्यों से लैस करने चीन कर रहा सोशल मीडिया की जासूसी, खरीदा विशेष सॉफ्टवेयर

**वॉशिंगटन (एजेंसी)**

ड्रैगन के मंसूबे काफी खतरनाक होते जा रहे हैं। चीन अपनी सेना और पुलिस को विदेशी लक्ष्यों की जानकारी से लैस करने के लिए पश्चिमी सोशल मीडिया को खंगाल रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। इतना ही नहीं, सैकड़ों चीनी दस्तावेजों, अनुबंधों और कंपनी फाइलिंग की समीक्षा के बाद चीन के इस रहस्य पर से पर्दा उठा है। इस नई रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन के पास डाटा निगरानी सेवाओं का एक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है जिसे पिछले एक दशक में विकसित किया गया था और इसका इस्तेमाल राजनीतिक रूप से संवेदनशील जानकारी से जुड़े अधिकारियों को ऑनलाइन चेतावनी देने के लिए घरेलू स्तर पर किया जाता है।

अपने इस काम के लिए चीन एक खास तरह के सॉफ्टवेयर का उपयोग करता है जो ना सिर्फ घरेलू इंटरनेट उपयोगकताओं और मीडिया को टारगेट करता है, बल्कि ट्विटर, फेसबुक और अन्य पश्चिमी सोशल मीडिया जैसे स्त्रोतों से विदेशी लक्ष्यों से संबंधित डाटा भी एकत्र करता है। वॉशिंगटन स्थित अखबार द्वारा प्राप्त दस्तावेजों से यह भी पता चलता है कि राज्य मीडिया, प्रचार विभाग, पुलिस, सैन्य और साइबर नियामक सहित चीनी एजेंसियां डाटा इकट्ठा करने के लिए नए या अधिक प्रभावशाली सिस्टम खरीद रही हैं। रिपोर्ट आगे बताती है कि बीजिंग पुलिस का एक खुफिया प्रोग्राम हांगकांग और ताइवान पर पश्चिमी कंटेंट का विश्लेषण करता है। यह विदेशों में उइगर भाषा की सामग्री को भी इकट्ठा करता है।

## पाकिस्तान के 100 साल प्राचीन मंदिर में 200 हिंदुओं ने दर्शन कर पूजा की, बच्चों ने खेला क्रिकेट

**पेशावर। (एजेंसी)**

पाकिस्तान के 100 साल प्राचीन मंदिर में 200 हिंदुओं ने दर्शन कर पूजा अर्चना की। भारत, अमेरिका और खाड़ी देशों से आए 200 से अधिक हिंदू तीर्थयात्रियों ने शनिवार को उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में 100 साल पुराने महाराजा परमहंस जी मंदिर में दर्शन किए। इस दौरान सुरक्षा के लिए 600 कर्मियों की तैनाती की गई थी। खैबर पख्तूनख्वा के करक जिले के टेरी गांव में परमहंस जी के मंदिर और 'समाधि' का पिछले साल जीर्णोद्धार किया गया था। 2020 में भीड़ ने वहां तोड़फोड़ की थी जिसकी विश्व स्तर पर निंदा की गई थी। हिंदुओं के समूह में भारत के लगभग 200 श्रद्धालु थे, जबकि दुबई से 15, बाकी अमेरिका और अन्य खाड़ी देशों से थे। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय यात्रियों ने लाहौर के पास वाघा सीमा पार किया और सशस्त्र कर्मियों ने उन्हें मंदिर तक पहुंचाया। इस कार्यक्रम का आयोजन पाकिस्तानी हिंदू काउंसिल द्वारा पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस के सहयोग से किया गया। टेरी गांव में महाराजा परमहंस का 1919 में निधन हो गया था। हिंदू काउंसिल के अधिकारियों ने कहा कि अनुष्ठान रविवार की दोपहर तक रात भर चलेगा। तीर्थयात्रियों के लिए 'हुजरा' या ओपन एयर रिसेप्शन रूम को आश्रयों में बदल दिया गया था। मंदिर के पास के बाजार पर्यटकों से गुलजार देखे गए और हिंदू दल के बच्चों को स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेलते हुए देखा गया। जानकारी दी गई है कि भारतीय श्रद्धालुओं ने वाघा बॉर्डर पार किया और इसके बाद उन्हें सशस्त्र जवानों ने एस्कॉर्ट करके मंदिर तक पहुंचाया। अंत्येष्टि स्मारक और टेरी गांव को बड़े पैमाने पर पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में रेंजर्स, इंटेलिजेंस और एयरपोर्ट सुरक्षा बल के 600 जवानों के साथ तैनात किया गया था।

## अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी के बाद पाक में हुए सबसे अधिक आतंकी हमले, रिपोर्ट में दावा

**इस्लामाबाद (एजेंसी)**

दुनियाभर में आतंक का पनाहगार पाकिस्तान खुद ही आतंकी हमलों से त्रस्त है। एक ताजा रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता शुरू होने के साथ ही पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों में यकायक वृद्धि हुई है। रिपोर्ट कहती है कि अगस्त 2021 में पाकिस्तान में सबसे ज्यादा आतंकी हमले हुए। ये वही वक्त है जब अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता शुरू हुई। पाकिस्तान में प्रति माह आतंकवादी हमलों की औसत संख्या 2020 के 16 से बढ़कर 2021 में 25 हो गई, जो 2017 के बाद सबसे अधिक थी।

पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडी (ढक्ठरर) द्वारा किए गए ताजा शोध में कहा गया है कि 2021 में पाकिस्तान में सर्वाधिक आतंकी हमले हुए। महीनेवार देखा जाए तो अगस्त माह में अकेले 45 आतंकी हमले अंजाम दिए हैं।

वहीं, पाकिस्तान के प्रतिष्ठित डॉन अखबार की रिपोर्ट के अनुसार संस्थान ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 10 नवंबर से 10 दिसंबर तक एक महीने के संघर्ष विराम के बावजूद आतंकवादी हमलों की कुल संख्या में कमी नहीं आई है। उधर, पाकिस्तान प्रकाशन ने कहा है कि पाकिस्तान में प्रति माह आतंकवादी हमलों की औसत संख्या 2020 में 16 से बढ़कर 2021 में 25 हो गई, जो 2017 के बाद सबसे अधिक थी। आंकड़ों ने इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि बलूचिस्तान सबसे अशांत प्रांत रहा जहां 103 हमलों में 170 मौतें दर्ज की गईं। रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अधिक घायलों की संख्या बलूचिस्तान से भी दर्ज की गई, जहां कुल घायलों में से 50 प्रतिशत से अधिक दर्ज किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि खैबर पख्तूनख्वा बलूचिस्तान के बाद दूसरा सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र रहा। विशेषज्ञ इसके पीछे अफगानिस्तान में तालिबान को सत्ता को बताते हैं। उनका कहना है कि इसमें पाकिस्तान की भूमिका काफी अहम रही। पाकिस्तान ने सार्वजनिक रूप से क्षेत्रीय संघर्ष को समाप्त करने का समर्थन किया लेकिन अंततः किसी भी प्रकार की शांति को स्थापित नहीं कर सका क्योंकि इसके पीछे पाकिस्तान के नेताओं का निजी स्वार्थ रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह का कृत्य विशेष रूप से पाकिस्तान पर उसके सैन्य और खुफिया प्रतिष्ठान पर उल्टा पड़ सकता है।

### गाजा में इजराइल ने विद्रोहियों के ठिकानों पर किए हवाई हमले



यरूशलम। इजराइल की सेना ने रविवार को कहा कि उसने गाजा पट्टी पर विद्रोहियों के ठिकानों पर हमले किए। इससे एक दिन पहले हमास के शासन वाले गाजा पट्टी से इजराइल की ओर दो रॉकेट दागे गए थे। दक्षिणी गाजा पट्टी खान यूनिस में रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो में तीन बार धमाकों की जोरदार आवाजें सुनी गईं और ऊपर लडाकू विमानों के उड़ने की आवाजें सुनाई दे रही थी। इन हमलों में हताहतों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पायी है। इजरायली सेना ने कहा कि रॉकेट उत्पादन करने वाली इकाई और हमास की सेना चौकी को निशाना बनाया गया। ये हवाई हमले गाजा की ओर से शनिवार को दो रॉकेट दागे जाने के बाद जवाबी कार्रवाई के तौर पर किए गए। हालांकि ये रॉकेट मध्य इजराइल में भूमध्य सागर में जा कर गिरे थे। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि क्या ये रॉकेट इजराइल पर हमला करने की नीयत से दागे गए थे, क्योंकि हमास अक्सर समुद्र की ओर मिसाइल परीक्षण करता है। शनिवार की इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गौरतलब है कि सितंबर में एक घटना को छोड़कर मई में इजराइल और हमास के बीच 11 दिन चले युद्ध को समाप्त करने के लिए लागू संघर्ष विराम के बाद से दोनों ओर से कोई सीमा पार रॉकेट हमला नहीं हुआ है।

## दुनिया मना रही जश्न और इमरान जनता पर गिरा रहे महंगाई बमः शाहबाज

**-मंहगाई जबरदस्त तरीके से बढ़ी है, इसके लिए इमरान खान को इस्तीफा देना चाहिए**

**इस्लामाबाद (एजेंसी)**

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता शाहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री इमरान खान से इस्तीफा देने की मांग की है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज के नेता शाहबाज शरीफ का कहना है कि हाल ही में तेल की बढ़ी कीमतों की वजह से मंहगाई जबरदस्त तरीके से बढ़ी है। इसके लिए इमरान खान को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने ये भी कहा कि दुनिया के दूसरे देशों में सरकारें कीमतों के कम होने पर त्योहारों का जश्न मना रही है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान में प्रधानमंत्री नियाजी जनता पर महंगाई का बम गिरा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक उन्होंने कहा कि वो उम्मीद करते हैं कि नया साल पाकिस्तान की जनता को इस बेतहाशा बढ़ रही महंगाई से छुटकारा दिलाएगा। इसके साथ ही उन्होंने ये भी उम्मीद जताई है कि नए साल में देश की जनता भुखमरी, बीमारी से उबरेंगे और लोगों को न्याय मिल सकेगा। इस बीच पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी ने भी इमरान खान सरकार की जमकर आलोचना की है। उनका कहना है कि इमरान खान ने कहा था कि वर्ष 2021 उनके देश और जनता के लिए खुशियों से भरा होगा। वर्ष 2021 लोगों की तरक्की की राह खोलेगा लेकिन अब वो साल निकल चुका है और 2022 आ चुका है। उनका किया गया वादा कहां गया। उन्होंने इमरान खान पर देश में बढ़ती महंगाई को लेकर भी निशाना साधा।

उन्होंने यहां तक कहा कि इमरान खान की सरकार बनने से पहले देश में ऐसी सूरत नहीं थी लेकिन इमरान खान के सत्ता में आने के बाद से ही महंगाई ने अपने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। जबकि इमरान खान इसके लिए लगातार पहले की ही सरकारों को दोषी ठहराने में लगे हैं। ऐसा आरोप लगाकर वो ये बता रहे हैं कि वो इस महंगाई को रोकने में नाकाम हैं। उनके हाथों में कुछ नहीं रहा है। वो कुछ नहीं कर सकते हैं। गौरतलब है कि इमरान खान सरकार पर विपक्ष का हमला हाल ही में बढ़ी तेल की कीमतों के बाद काफी



बढ़ गया है। पाकिस्तान सरकार ने पेट्रोलियम उत्पादों में चार रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। जानकारी के मुताबिक हाई स्पीड डीजल पर भी इतनी ही बढ़ोतरी की गई है। केरोसीन पर ये बढ़ोतरी 3.95 रुपए की और लाइट डीजल आयल पर 4.15 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

## चीनी सहायता प्राप्त कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र में ईंधन डालने का काम पूरा, मार्च से शुरू होगा वाणिज्यिक उत्पादन

**इस्लामाबाद (एजेंसी)**

पाकिस्तान ने चीन के साथ सहयोग के 30 साल पूरे होने के अवसर पर चीनी सहायता प्राप्त कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र में ईंधन डालने का काम पूरा कर लिया है। पाकिस्तान परमाणु नियामक प्राधिकरण (पीएनआरए) से औपचारिक मंजूरी मिल जाने के बाद पाकिस्तानी प्राधिकारियों ने 1,100 मेगावॉट के परमाणु संयंत्र में ईंधन डालने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण प्रयोग के क्षेत्र में चीन और पाकिस्तान के बीच सहयोग के तीन दशक पूरे होने और के-3 के नाम से जाने जाने वाले कराची परमाणु ऊर्जा संयंत्र इकाई-तीन में ईंधन डालने का काम पूरा होने के अवसर पर आयोजित समारोह में दोनों देशों के परमाणु ऊर्जा संबंधी संगठनों के शीर्ष अधिकारी शामिल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि के-3 चालू होने के अंतिम चरण में है और परिचालन एवं सुरक्षा संबंधी जांच के बाद मार्च 2022 के अंत तक संयंत्र का वाणिज्यिक संचालन शुरू हो जाएगा। मीडिया में आई रिपोर्ट में कहा गया है कि 1986 में चीन और पाकिस्तान की सरकारों द्वारा



परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण इस्तेमाल में सहयोग संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद पाकिस्तान में परमाणु ऊर्जा विकास कार्यक्रम का नया युग आरंभ हुआ। नवंबर 2013 में के-2 और के-3 की नींव रखे जाने के बाद के-3 का निर्माण औपचारिक रूप से शुरू किया गया था। कोरोना संक्रमण के बावजूद पाकिस्तान और चीन ने निर्माण कार्य जारी रखा। के-2 का वाणिज्यिक संचालन 21 मई, 2021 को आरंभ हो गया था और अब मार्च 2022 के अंत में के-3 का भी वाणिज्यिक संचालन शुरू हो जाने की संभावना है।

# किशोर कुमार के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मधुबाला की पुस्तक का विमोचन







**नई दिल्ली।** किशोर कुमार मेमोरियल क्ला द्वारा इंडिया इस्लामिक कल्चरल सभागार, नई दिल्ली में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पद्मश्री डॉ. महेश वर्मा एवं पद्मश्री डॉ. अशोक राजगोपाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर यिा। संस्था के संस्थापक महासचिव कमल धीमान ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष किशोर कुमार की याद में संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसमें देश भर के उभरते हुए गायक कलाकारों को अवसर प्रदान किया जाता है।

इस अवसर पर कमल धीमान द्वारा लिखित पुस्तक %%मधुबाला द वीनस ऑफ इंडियन सिनेमा'' का विमोचन भूतपूर्व पर्यटन मंत्री श्री के.जे. अल्फोंस द्वारा किया गया। मधुबाला के जीवन एवं उनके संपूर्ण फिल्म योगदान पर विस्तृत जानकारियों पर आधारित इस पुस्तक में बहुत सी दुर्लभ जानकारियां और चित्रों को बहुत अच्छे से दर्शाया गया है।

कला प्रोत्साहक एस. करैशी, लाला राम एवं सी.पी. शर्मा की अध्यक्षता में 19वें किशोर कुमार अवार्ड समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें भूतपूर्व पर्यटन मंत्री के.जे. अल्फोंस मुख्य अतिथि के रूप में पधारे और उन्होंने कला, संगीत एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. महेश वर्मा (कुलपति, जी.जी.एस.आई.पी. युनिवर्सिटी), डॉ. अशोक राजगोपाल (ओर्थो सर्जन), डा. दारख्शन अन्द्राबी (चेयरपर्सन सैन्टर्ल वक्फ डेवलेपमेंट बोर्ड), अजय बंशल (अध्यक्ष ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन), राजेश गुप्ता, (सीएमडी एन.एस.एवं मेरी दिल्ली), इन्द्रपाल सिंह (फिल्म मेकर कलाकार), हेमा सिंह (कन्हैया प्रोडक्शन), तेजस्विता मोहन (गायिका) को उनके विशिष्ट योगदान के लिए किशोर कुमार कला रत्न एवं समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्था से जुड़े संरक्षक कर्नल दल्मीर सिंह, सचिव मोहम्मद रेहान और सलाहकार जसवंत पोपली की याद में उनके कार्यों को भी सराहा गया। इसके अतिरिक्त डॉ. जगवेन्द्र सिंह, डॉ. विजय कुमार एवं राज कुमार अरोड़ा को भी सम्मानित किया गया।

प्रवीण शर्मा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में किशोर कुमार की बेहतरीन दवं दुर्लभ तस्वीरों की प्रदर्शनी भी लगाई गई और कला निर्देशन उपाध्यक्ष डी.सी. मौर्य एवं आशीष कौशल ने बखूबी संभाला जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। बैजनाथा गोसा के स्टेज प्रबंधन में उभरते गायक-गायिकाओं ने किशोर कुमार के गीत गाकर आने श्रद्धा सुमन अर्पित किये जिसमें डॉ. सुनीत सेखरी, सुनील गढ़िया, नदीम, मनोहर पोखरिया, दीपक वर्मा, पीयूष शर्मा, चांदनी मिर्जा, मुमताज मिर्जा, नीरू, गुरविंदर कौर, अमिता गरिया एवं इशिता को विशेष रूपे से पंसन्द किया गया। किशोर कुमार की याद में हुए इस कार्यक्रम का संचालन आई.पी. सिंह बाबा ने किया, संगीत निदेर्शन डो-रे-मी के निर्देशक सतीश पोपली ने एवं साउंड प्रबंधन लिंकर्स ने बखूबी संभाला।

## बात-बात पर हिन्दुओं को टारगेट करने की चल रही परम्परा अत्यंत निंदनीय : यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट

**नई दिल्ली ।** यूनाईटेड हिन्दू फ्रंट ने देश में हर बात पर हिन्दुओं को ही टारगेट करने की चल रही परम्परा की कड़ी भर्त्सना की है।

फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी शिवसेना प्रमुख श्री जय भगवान गोयल ने ए.आई.एम.आई.एम के अलीगढ़ जिला प्रमुख गुफरान नूर द्वारा दिए गए इस वक्तव्य की कटु आलोचना की जिसमें औवेसी के प्रधानमंत्री बनने पर बाबर जैसा शासन हिन्दुस्तान में किया जाएगा। श्री गोयल ने कहा कि नूर का बाबर जैसे शासन से इशारा स्पष्ट है कि हिन्दुस्तान में हिन्दुओं का उत्पीड़न, जबरन धर्म परिवर्तन, सामूहिक नरसंहार, गुलाम बनाने तथा हिन्दू मंदिरों एवं शिक्षास्थलों को नष्ट कर दिया जाएगा। क्रूर बाबर द्वारा अयोध्या के राम मंदिर को नष्ट करते समय 10 हजार से अधिक हिन्दुओं की निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी थी जो मंदिर को बचाने का प्रयास कर रहे थे।

श्री गोयल ने गुफरान नूर को सार्वजनिक रूप से भड़काऊ भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार करके मुकद्दमा चलाने की मांग करते हुए कहा कि हम हरिद्वार की धर्मसंसद में

### हिन्दूओं और उनके देवी देवताओं का अपमान करने वालो पर चुप्पी कब टूटेगी?

तथाकथित विवादित भाषण देने की वकालत नहीं कर रहे लेकिन सभी कायदे कानून हिन्दुओं के विरूद्ध ही क्यों अपनाए जा रहे है। भगवान श्री राम, श्री कृष्ण, सीता माता तक के लिए अपशब्द बोलने वालो के विरूद्ध कोई कार्रवाई क्यों नहीं होती? छततीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल या कांग्रेस का कोई और नेता गुफरान नूर जैसे लोगों को गिरफ्तार करने की मांग करने की हिम्मत दिखाएगा। उन्होंने कहा कि देश भर में हिन्दुओं को बात-बात में टारगेट करने की गलत परम्परा चल पड़ी है।कर्नाटक में मंदिरों को सरकारी नियमों से मुक्त करने की घोषणा मात्र से वहां के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पेट में दर्द शुरू हो गया और इसका विरोध करते हुए वह ऐसे निर्णय होने को ऐतिहासिक भूल होना बताने लगे है। यह क्रांग्रेस की कथनी और करनी को दर्शाता है।

# भाजपा नेता एस.के.खारी द्वारा मयूर विहार में हुआ कम्बल वितरण कार्यक्रम

नई दिल्ली दिल्ली (मयूर विहार) भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता एस.के.खारी ने मयूर विहार-विनोद नगर वार्ड नंबर 11श्व में मौजूद झुग्गी बस्ती में रहने वाले जरूरतमंद परिवारों के लिए कम्बल वितरण कार्यक्रम में कम्बल बांटे। दिल्ली में लगातार सर्दी बढ़ रही है जिसके कारण पारा काफी नीचे है ऐसे में कुछ लोगों के पास अभी भी बुनियादी जरुरत की चीजों का अभाव है। ऐसे में एस.के. खारी द्वारा बांटे गए रजाई-कम्बल इस इलाके के लोगों की लिए सर्दी से बचने में काम आएँगे।

आज सुबह से ही एस.के.खारी और उनके सहयोगी इस इलाके के लोगों की परेशानियों का जायजा लेने के लिए विनोद



नगर पहुंचे हुए थे जहां उन्होंने कई लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान उनके साथ जिलाध्यक्ष विनोद बछेती, निगम पार्षद बिपिन सिंह, क्षेत्रीय मंडल अध्यक्ष सोनू कनोजिया तथा कुछ अन्य स्थानीय कार्यकर्ता सुनीता, विजेता, मोनू और मुकेश भी शानिल थे।

एस.के.खारी जब आज झुग्गी निवासियों के बीच आम जन-मानस की समस्याओं को देखने वहाँ पहुंचे तो वह इन लोगों की असुविधाओं पर काफी चिंतित दिखे। उन्होंने इसे वर्तमान सरकार की नाकामयाबी बाताया साथ ही उन्होंने दिल्ली की सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार की तरफ से इन लोगों के घरों के आसपास साफ़-सफाई एवं स्वच्छ पानी की सुविधा के लिए कोई इंतजाम नही किये गए है। कोरोना महामारी के इस दौर में यह लोग इस तरह के माहौल में रहने को मजबूर है। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि लोगों की मदद करने की लिए उनसे जो भी प्रयास होंगे वह उसे जरुर करेंगे।

जन सेवा के क्षेत्र में एस.के.खारी पहले भी कई सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते दिखे है, वह लगातार जरूरतमंद लोगों की मदद करना पसंद करते है। कोरोना संकट के समय भी उन्होंने कई लोगों को अस्पतालों में बेड दिलवाने, भोजन वितरित करने के लिए राशन किट-जन सेवा रसोई से सहयोग और दवाई आदि खरिदने के लिए गरीबों की वित्तीय सहायता का काम भी किया है।

**एक नजर**

## भाजपा नई आबकारी नीति के विरोध में आज करेगी चक्का जाम

**नई दिल्ली।** केजरीवाल सरकार की नई आबकारी नीति के खिलाफ दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यकर्ता आज दिल्ली के विभिन्न 15 स्थानों पर चक्का जाम करेंगे। प्रदेश भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि दिल्ली का हर व्यक्ति एवं हर महिला नई शराब नीति से परेशान है क्योंकि उसके घर के बगल में शराब के ठेके खुल रहे हैं। पंजाब में शराब बंदी पर रोक लगाने की वकालत कर रहे केजरीवाल दिल्ली को शराब नगरी बनाने में लगे हुए हैं, लेकिन भाजपा चुप बैठने वाली नहीं है। आज होने वाले चक्का जाम में प्रदेश नेतृत्व के अंतर्गत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता अक्षरधाम क्रॉस आल रोड में, सांसद गौतम गंभीर विकास मार्ग स्थित कार बाजार में एवं सांसद रमेश बिधूड़ी दयाराम चौक में होने वाले चक्का जाम विरोध प्रदर्शन में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा प्रदेश के अन्य पदाधिकारी सहित भाजपा विधायक भी विभिन्न स्थानों पर होने वाले चक्का जाम विरोध प्रदर्शन में मौजूद रहेंगे। मल्होत्रा ने बताया कि नई शराब नीति के तहत खोली जा रही नई दुकानें अगर गैर पुष्टि क्षेत्र में है या मास्टर प्लान 2021 एवं निगम के नियमों का पालन न करती हो या फिर विद्यालय एंव धार्मिक स्थल इत्यादि के बगल में हो तो उसे तुरंत प्रभाव से सील किया जाएगा।

# बच्चों के टीकाकरण के लिए बनाए गए 159 केंद्र

● कोविन पर हजारों ने किया रजिस्ट्रेशन



■ नई दिल्ली

कोरोना की रोकथाम के लिए सोमवार से दिल्ली में 15-18 साल के बच्चों को कोविड-19 का टीका लगाया जाएगा। टीकाकरण के लिए दिल्ली में तैयारियां पूरी हो गई है। राजधानी के सभी 11 जिलों में 159 केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर सुबह से शाम पर बच्चों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए 159 सेंटर चिन्हित किए गए हैं। इन सभी केंद्रों पर को-वैक्सीन की डोज लगाई जाएगी। टीकाकरण के लिए सरकारी अस्पतालों, डिस्पेंसरी, पॉली क्लिनिक और दिल्ली सरकार व नगर निगम के स्कूलों में बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। वैक्सीनेशन के लिए सबसे ज्यादा 21 सेंटर साउथ वेस्ट जिले में बनाए गए हैं। वहीं सेंट्रल दिल्ली में 17, ईस्ट दिल्ली में 15, नई दिल्ली में 18, नॉर्थ दिल्ली में 11, नॉर्थ ईस्ट में 16, नॉर्थ वेस्ट में 12, शाहदरा में 10, साउथ दिल्ली में 11, साउथ ईस्ट दिल्ली में 13 और वेस्ट दिल्ली में 15 वैक्सीनेशन सेंटर बच्चों के लिए बनाए गए हैं। उधर, स्कूलों में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर के लिए खास प्रोटोकॉल बनाए गए हैं। हर स्कूल का एक नोडल इंचार्ज नियुक्त करना होगा। वैक्सीनेशन आईडी प्रूफ के लिए स्कूल आइडी कार्ड भी मान्य होंगे। वैक्सीनेशन सेंटर पर वाक-इन रजिस्ट्रेशन सुविधा भी मिलेगी। क्लास टीचर की जिम्मेदारी होगी कि वे पेरेंट्स को नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटर की जानकारी दें। बच्चों के साथ आने वाले पेरेंट्स के लिए एक अलग रूम चिह्नित किया जाएगा। वहीं स्कूल के शिक्षकों को कहा गया है कि वह यहां आने वाले अभिभावकों को भी जागरूक करें जो अन्य को भी वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित करें।

### करीब 15 लाख बच्चों को लगेगा टीका

दिल्ली में सोमवार से शुरू हो रहे टीकाकरण के दौरान करीब 15 लाख बच्चों को कोरोना का टीका लगाया जाएगा। इन बच्चों की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां तेज कर दी है। विभाग के अनुसार दिल्ली में दिल्ली के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अलावा ऐसे बच्चों को भी टीका लगाया जाएगा जो स्कूल में नहीं पढ़ रहे हैं। विभाग के अनुसार स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की लिस्ट उनके पास है, लेकिन ऐसे बच्चे जो कही पंजीकृत नहीं है उनके लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। खासकर बाजारों व अन्य जगहों पर। विभाग का कहना है कि काफी बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे हैं जो स्कूल नहीं जाते, बल्कि अन्य कामों में व्यस्त रहते हैं। इन्हें टीका लगाने के लिए जिला प्रशासन की मदद ली जाएगी।

# देश के मेंटर कार्यक्रम से जुड़ चुके हैं 37 हजार युवा

◀◀ सरकारी स्कूल के 1.5 लाख बच्चों को कर रहे हैं गाइड

■ नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार का देश के मेंटर कार्यक्रम दिल्ली की शिक्षा में अभूतपूर्व बदलाव ला रहा है। इस कार्यक्रम से अब तक 37 हजार युवा जुड़ चुके हैं जो दिल्ली के सरकारी स्कूल के 1.5 लाख बच्चों को गाइडकर रहे हैं। यह कहना है उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का। सिसोदिया ने ये बातें पटपड़गंज के वेस्ट विनोद नगर स्कूल में देश के मेंटर कार्यक्रम के मेंटर से बात करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि जिस देश ने अपनी शिक्षा पर काम किया वो देश आगे बढ़ा है। जापान और अमेरिका आज विकसित देशों की श्रेणी में इसीलिए खड़े हैं क्योंकि इन देशों ने अपनी शिक्षा पर काम किया। केजरीवाल सरकार का फोकस भी शिक्षा पर है। हम भी अपने देश को दुनिया का टॉप देश बनाएंगे। इस दौरान देश के मेंटर ने अपने अनुभव साझा किए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से देश के मेंटर दिल्ली के



सरकारी स्कूल के बच्चों को गाइड कर रहे हैं वो दिन दूर नहीं जब दिल्ली का एक एक बच्चा बेहतर शिक्षा पाएगा और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहायक बनेगा। उन्होंने मेंटर के लगन और जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि बिना किसी स्वार्थ के मेंटर देश निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। दिल्ली में जिन बच्चों को कोई गाइड करने वाला नहीं था आज उनको एक बड़ा भाई या एक बड़ी बहन मिल गई है जो उसके साथ सहज तरीके से बात कर रहे हैं और करियर को लेकर आ रही अपनी समस्याओं को साझा कर रहे हैं। और मेंटर अपने अनुभवों के आधार पर उन्हें रास्ता दिखा रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि वे मेंटर के अनुभवों को सुन कर बहुत प्रभावित हुए हैं। आप सभी लोग के काम से बहुत प्रेरित हुए हैं। आप सभी लोग प्रेरणा के स्रोत हैं। हम सब बदलाव के लिए एकत्र हुए हैं। आपके एक निर्णय से बच्चों की जिंदगी बदल रही है। दिल्ली में शिक्षा पर हो रहे बड़े बदलाव का हिस्सा हैं आप। हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाने वाला देश आज गरीबी में सबसे टॉप पर है। विश्व गुरु कहलाने वाला देश साक्षर होने के लिए संघर्ष हो रहा है।

तो पिछले 75 साल में बहुत काम हुआ है लेकिन कुछ तो गलत हुआ है इस देश में जिससे कि हम बहुत पीछे रह गए। उन्होंने कहा कि मैं जब पढ़ता था तो भारत एक विकासशील देश था और आज भी विकासशील देश है। तो हमने शिक्षा के स्तर पर गड़बड़ किया है। हमने सभी बच्चों को बढ़िया शिक्षा नहीं दी।हमने कुछ बच्चों को बढ़िया शिक्षा दी लेकिन सभी बच्चों को शानदार शिक्षा की व्यवस्था नहीं की। हमने 2015 से इसको बदलना शुरु किए। लेकिन हमें जरूरत पड़ी एक मेंटर की। आप लोग उसमें जुड़े। आपने बच्चों को गाइड किया। मैं इसको सलाम करता हूं।

## आनंद विहार वार्ड में बना कॉम्पेक्टर जनता को समर्पित

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल ने आनंद विहार वार्ड में नवनिर्मित फिक्स कॉम्पेक्टर ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन किया। इस दौरान स्थायी समिति अध्यक्ष बीर सिंह पंवार, पर्यावरण प्रबंधन सेवाएं समिति के अध्यक्ष रोमेश गुप्ता, शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र की अध्यक्ष हिमांशी पांडेय और निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय पार्षद, गुंजन गुप्ता ने की। महापौर अग्रवाल ने कहा कि विषम आर्थिक परिस्थितियों में भी पूर्वी दिल्ली नगर निगम साफ -सफाई को लेकर उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने ने कहा कि पूर्वी दिल्ली को स्वच्छ क्षेत्र बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय पार्षद गुंजन गुप्ता ने कहा कि कॉम्पेक्टर के लगने से ढलाव पर कूड़े का सफाया होगा और साफ-सफाई बढ़ेगी। गुप्ता ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम द्वारा कूड़े के वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण की दिशा में अहम कार्य किए जा रहे हैं।

## दिल्ली भाजपा जल्द करेगी अनुसूचित जनजाति मोर्चा का गठन

■ नई दिल्ली

आदिवासी विकास परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष से अनुसूचित जनजाति का भी एक मोर्चा बनाने का प्रस्ताव रखा। आदेश गुप्ता ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा में जल्द ही एक अनुसूचित जनजाति मोर्चा का गठन किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश भाजपा महामंत्री हर्ष मल्होत्रा भी उपस्थित थे। प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि दिल्ली प्रदेश में कुल 18 लाख से अधिक ऐसे लोग हैं जो अनसूचित जनजाति



समाज के अंतर्गत आते हैं। भील, मीणा, गौंड, संथाल, उरांव, मुंडा, गिरथी, धानुथा इत्यादि जातियां अनुसूचित जन जाति समाज के अंतर्गत आती हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इन्हें अभी तक कोई भी संवैधानिक अधिकार नहीं मिला है। अगर इनके मोर्चे के गठन होता है तो निश्चित रूप से इन्हें इनकी वह पहचान मिलेगी जिसके ये हकदार है।

## दिल्ली में बढ़ी बिजली की मांग



■ नई दिल्ली

दिल्ली में वर्ष 2021 में सबसे व्यस्त समय के दौरान बिजली की मांग 7,323 मेगावाट तक पहुंची जो राष्ट्रीय राजधानी के इतिहास में 2019 में अबतक की सबसे अधिक मांग 7,409 मेगावाट से मामूली रूप से कम है। हालांकि वर्ष 2020 की 6,341 मेगावाट की मांग से यह कहीं अधिक है। यह खुलासा राष्ट्रीय राजधानी में बिजली की मांग को लेकर आए आंकड़ों से हुआ है। बिजली वितरण कंपनियों के अधिकारी बिजली की बढ़ी हुई इस मांग के लिए कोरोना वायरस की दूसरी लहर और लंबे समय तक कठोर मौसम को जिम्मेदार मानते हैं। दैनिक आधार पर दिल्ली में वर्ष 2020 के दिनों की तुलना में वर्ष 2021 के 227 दिन बिजली की मांग में वृद्धि देखी गई जो वर्ष 2021 के कुल दिनों का 61 प्रतिशत है। दिल्ली में वर्ष 2020 के मुकाबले पिछले साल अधिक बिजली की जरूरत रही। मासिक आधार पर जारी किए गए आंकड़ों के विश्लेषण के

▶▶ दैनिक आधार पर दिल्ली में वर्ष 2020 के दिनों की तुलना में वर्ष 2021 के 227 दिन बिजली की मांग मे वृद्धि देखी गई जो वर्ष 2021 के कुल दिनों का 61 प्रतिशत है।

मुताबिक दिल्ली में दिसंबर 2021 में दिसंबर 2020 के मुकाबले बिजली की 58 प्रतिशत या 18 दिनों तक अधिक मांग रही। इसी प्रकार नवंबर 2020 के मुकाबले नवंबर 2021 में बिजली की मांग 50 प्रतिशत अधिक रही। अक्टूबर में 58 प्रतिशत, सितंबर 20 प्रतिशत, अगस्त में 68 प्रतिशत, जुलाई में 68 प्रतिशत, जून में 77 प्रतिशत, मई में 65 प्रतिशत, अप्रैल में 93 प्रतिशत, मार्च में 77 प्रतिशत, फरवरी में 36 प्रतिशत और जनवरी में 74 प्रतिशत अधिक बिजली की मांग 2020 के संबंधित महीनों के मुकाबले रही।

**छेड़छाड़** यात्रियों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

# युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर मार्शल को पीटा

■ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली में 1 जनवरी को दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बस में युवती से छेड़छाड़ कर रहे तीन दोस्तों ने विरोध करने पर बस में मौजूद 57 वर्षीय मार्शल की जमकर पिटाई कर दी। वारदात के बाद आरोपी बस से उतर कर भागने लगे तो बस में मौजूद यात्रियों ने उन्हें जमकर पीट दिया। बस चालक ने बस रास्ते में रोक कर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची प्रीत विहार थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मार्शल के बयान पर केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी फरार होने में कामयाब हो गया। जिसे बाद में पुलिस ने उसके घर से

**मौके पर पहुंची प्रीत विहार थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मार्शल के बयान पर केस दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।**

गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी पीड़ित मार्शल श्याम बहादुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि 1 जनवरी को वह बदरपुर से आनंद विहार के बीच चलने वाली रूट नम्बर 473 में तैनात था। बदरपुर से लौटते हुए मदर डेयरी के पास से तीन युवक संजय, सतीश और दुर्गेश कड़कड़डूमा जाने के लिए बस में चढ़े। बस चलने के बाद आरोपियों ने पहले से बस में बैठी एक युवती के साथ छेड़छाड़ और उस पर अश्लील टिप्पणी करनी शुरू कर दी। महिला ने विरोध किया और बस में तैनात मार्शल को उसकी जानकारी दी। मार्शल ने आरोपियों का विरोध किया और ऐसा न करने के लिए कहा। जिस पर आरोपियों ने मार्शल से झगड़ा शुरू कर दिया। आरोपियों ने मार्शल श्याम बहादुर के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने बस में सफर के दौरान ही मार्शल को जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बस चालक ने बस में झगड़े की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद सड़क पर चालक ने बस रोक दी। इस दौरान आरोपियों ने बस से भागने का प्रयास किया और चालक से गेट खोलने को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। ऐसे में बस में बैठे यात्रियों ने आरोपियों को दबोच लिया। यात्रियों ने आरोपियों की जमकर पिटाई की। इसी दौरान प्रीत विहार थाना एसएचओ हीरालाल, एसआई रामाशीष और कांस्टेबल विष्णु मौके पर पहुंचे। जहां पुलिसकर्मियों ने मौके से दो आरोपियों को दबोच लिया। जबकि एक आरोपी उस समय मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। दोनों आरोपियों सतीश और दुर्गेश से पूछताछ के बाद पुलिस ने संजय को बाद में उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस ने मामले में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

## पूर्व पर्यटन मंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन




■ नई दिल्ली

आईपी यूनिवर्सिटी के शाखा अधिकारी कमल धीमान की मधुबाला पर लिखी किताब मधुबाला वीनस ऑफ इंडियन सनेमा का नई दिल्ली में लोकार्पण किया गया। पुस्तक का विमोचन भूतपूर्व पर्यटन मंत्री के जे अल्फोनस ने किया। इस अवसर पर अल्फोंस ने कहा कि यह पुस्तक हिंदी सिनेमा की मशहूर अदाकारा मधुबाला के फिल्मी सफर को समझने में मिल का पत्थर साबित होगी। कमल धीमान इससे पहले किशोर कुमार पर पांच, देवानंद पर एक और ज्योतिषी पर किताब लिख चुके हैं।

## चिंतन

# मंदिरों में दर्शन की व्यवस्था सुरक्षित हो

तीर्थ स्थलों पर बदइंतजामी चिंता की बात है। माता वैष्णो देवी के दर्शन को उमड़ी भीड़ के चलते भगदड़ में 12 श्रद्धालुओं की अकाल मौत मंदिर प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल उठाती है। वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा का समूचा प्रबंधन वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड करता है, जिसमें पंजीकरण से लेकर मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का पूरा रिकार्ड श्राइन बोर्ड के पास होता है। बोर्ड को पीक टाइम की जानकारी भी होती है, इसके बावजूद अगर बोर्ड श्रद्धालुओं की यात्रा का समुचित प्रबंधन नहीं कर पाता है और भगदड़ मच जाती है, तो वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को अपनी कार्यप्रणाली पर दुबारा से विचार करना चाहिए। बड़ा सवाल है कि जिस सिस्टमैटिक लापरवाही या विफलता की वजह से 12 लोगों की जान गई है, उन जानों को वापस नहीं लाया जा सकता है, पीड़ित परिवार की कमी पूरी नहीं की जा सकती है। इसलिए धार्मिक स्थलों के प्रबंधकों को फूलप्रूफ इंतजाम करना चाहिए। यह पहली बार नहीं है, जब मंदिर में दर्शन के दौर कुप्रबंधन के चलते श्रद्धालुओं की जान गई हो। विगत वर्षों में अनेक घटनाएं हुए हैं, जिसमें श्रद्धालुओं की जान गई है। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित वैष्णोदेवी तीर्थस्थल पर शनिवार तड़के नववर्ष पर भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं के दो समूहों के बीच झड़प के बाद भगदड़ हुई, जिसमें दो दर्जन श्रद्धालु प्रभावित हुए। जम्मू कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने रविवार को कहा कि वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ की उच्चाधिकार प्राप्त समिति से जांच कराने के साथ ही पुलिस से भी जांच करायी जाएगी और झड़प में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई फैसले लिए गए हैं, पर यह कवायद यात्रा शुरू होने के पूर्व होनी चाहिए थी और अभी जिम्मेदारों पर एक्शन का समय है। उपराज्यपाल ने अहम जांच के बाद आवश्यकता पड़ने पर व्यवस्थागत सुधारों, बुनियादी ढांचे का निर्माण शुरू करने, ऑनलाइन बुकिंग को 100 प्रतिशत बनाने के लिए निर्देश जारी किए हैं। बोर्ड अब जागा है और उसने पूरे रास्ते पर भीड़भाड़ कम करने, भीड़ और कतारों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी के उचित इस्तेमाल, आरएफआईडी ट्रैकिंग करने समेत कई कदम उठाए हैं। अनुग्रह राशि के तौर पर 10 लाख रुपये दिए जाने के अलावा इस दुर्भाग्यपूर्ण दुखद घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को पांच लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी। जम्मू-कश्मीर के प्रधान सचिव (गृह) शालीन काबरा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति ने मंदिर का दौरा किया और जमीनी स्थिति की जानकारी ली है। प्रशासन को अपना काम तेजी से करना चाहिए, झड़प करने वालों की पहचान कर उन पर एक्शन लेना ही चाहिए, क्योंकि यह घटना निश्चित रूप से कुछ लोगों के ''गैर जिम्मेदाराना" व्यवहार का नतीजा है। पुलिस प्रशासन को सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करना चाहिए व श्री वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड को भी श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। आज जरूरत वैष्णो देवी की यात्रा को सुरक्षित बनाने की है। इसके साथ ही देश के सभी मंदिरों व अन्य धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए।



नव वर्ष

अवधेश कुमार

# शीर्ष देश बनने की उम्मीद

**भारत राष्ट्र के अतीत,वर्तमान और भविष्य की दृष्टि से मूल्यांकन करें तो निष्कर्ष यही आएगा कि यही भारत है, यही अंतः शक्ति है जिसके आधार पर भारत की पुनर्रचना इसे उस शिखर पर ले जाएगी जहां इसे होना चाहिए। कोरोना और उसके व्यापक दुष्प्रभावों के बावजूद अगर ये सारे कार्य देश में संपन्न हो रहे हैं तो मान कर चलना चाहिए कि भारत अपनी संस्कृति को पहचान कर उसके अनुरूप प्रखरता से गतिशील होना आरंभ कर दिया है। यह सब केवल विश्वास और धारणा के विषय नहीं है। इनके आधार पर भारत सर्वांगीण विकास करेगा। यही वह पुंज है जो भारत को आदर्श,संपूर्ण मानव समुदाय के प्रति संवेदनशील एवं एक दूसरे के लिए त्याग का व्यवहार पैदा करेगा।**

नए साल 2022 से हम क्या अपेक्षा करें? किसी भी वर्ष से अपेक्षाओं का अर्थ उसमें सत्ता, राजनीति, प्रशासन, अलग-अलग क्षेत्रों के नीति-निर्धारकों, समाज पर प्रभाव रखने वालों तथा आम लोगों से अपेक्षाएं ही हैं। हम इन सारे वर्गों से क्या अपेक्षा करते हैं यह मूलतः हमारे दृष्टिकोण पर निर्भर करता है। वर्ष की शुरुआत भी कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट के डर के साये में हो रहा है, इसलिए बड़े समूह की आम अपेक्षा यही है कि लोगों की सुरक्षा इस तरह सुनिश्चित हो कि वे जीवनयापन तरीके से करते रहें। इस संदर्भ में दूसरी अपेक्षा स्वास्थ्य महकमे से है। अगर कोई कोरोना की गिरफ्त में आया तो उसके उपचार की सहज व्यवस्था हो। सामान्य तौर पर तीसरी अपेक्षा यही है कि पिछले 2 वर्षों में अर्थव्यवस्था को जो नुकसान पहुंचा उसकी क्षतिपूर्ति करने के साथ भारत अपनी संभावनाओं के अनुरूप विकास पर सरपट दौड़े।

वर्ष की शुरुआत में प्रत्येक विवेकशील व्यक्ति यही प्रार्थना करता है। हां, भारत में ऐसे लोग भी बड़ी संख्या में हैं जिनके लिए राजनीति सर्वाधिक महत्वपूर्ण और येन केन प्रकारेण अपने विरोधी के चुनाव में परास्त होने और लोकप्रिय होने या फिर उसके राजनीतिक अवसान की कामना करते हुए उसके लिए कोशिश भी करते हैं। राजनीति में रुचि रखते हुए भी अपेक्षा यही होनी चाहिए कि इस तरह के अतिवाद में रहने वालों को सद्बुद्धि आए और वे एक विचारधारा और राजनीति की लड़ाई को लोकतांत्रिक लड़ाई तक सीमित रखें और वही तक लड़े। इस वर्ष ऐसे राज्यों के चुनाव है, जहां भाजपा सत्ता में है इसलिए आपको यह परिदृश्य ज्यादा आक्रामक और असुंदर रूप में दिखेगा। आम अपेक्षाएं हैं कि राजनीति की लड़ाई राजनीति तक सीमित रहे, लेकिन भारत में जो परिस्थितियां उत्पन्न हो गई हैं उसमें तत्काल संभव नहीं है। इससे पूरे समाज और विश्व में नकारात्मक वातावरण बनता है जिसमें हमें जीने का अभ्यास रखना ही पड़ेगा, लेकिन हर दृष्टि से राष्ट्र, विश्व और मनुष्यता का कल्याण चाहने वाले लोग निश्चित रूप से अपने-अपने स्तर पर इसकी कामना और कोशिश करेंगे कि ऐसे वातावरण को कमजोर किया जाए, तो 2022 में ऐसे लोगों से अपेक्षा होगी कि इसके समानांतर वह भारतीय राजनीति के साथ गैर राजनीतिक वैचारिक मोर्चों पर भी सकारात्मकता, स्नेह और संवेदनशीलता के माहौल के लिए हरसंभव कोशिश करें। इसमें ऐसे लोगों के खिलाफ जिनके अपने नकारात्मक एजेंडा है अगर प्रखरता से वैचारिक हमला भी करना हो तो इससे देश को लाभ ही होगा। ऐसे लोगों से 2022 में हम आप क्या अपेक्षा करेंगे यह बताने की आवश्यकता नहीं है। यह बिंदु इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस तरह के राजनीतिक संघर्षों से संपूर्ण देश की बहुआयामी उन्नति दुष्प्रभावित होती है। किसी व्यक्ति समाज और देश की सफलता के लिए सबसे पहली शर्त सामूहिक मनोदश है। व्यक्ति के अंदर अगर आत्मविश्वास है तो वह बड़े से बड़े लक्ष्य को पा सकता है। यही बातें देश पर भी लागू होती है। सूक्ष्मता से भारत की स्थिति का विश्लेषण करें तो आपको ऐसी धारा सही आवेग और दिशा में बढ़ती हुई दिखाई पड़ेगी जो वाकई



देश की प्रकृति, आत्मा और संस्कार के अनुरूप है। किसी भी देश की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब वह अपनी मूल प्रकृति, संस्कार और संस्कृति के साथ आगे बढ़े। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि जो कुछ हमारी प्रकृति और हमारा स्वभाव नहीं है उसके अनुरूप हमें बदलने की कोशिश की जाएगी तो हम वह तो नहीं ही बनेंगे जो कुछ हम हैं वह भी पीछे छूट जाएगा। दुर्भाग्य से भारत के साथ यही हुआ। इतिहास के कालखंड में अनेक ऐसे अध्याय हैं जब भारत एक राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान, अपनी संस्कृति के अनुरूप प्रखरता से खड़ा होने के लिए उठने की कोशिश की, लेकिन बार-बार धराशायी भी हुआ या जाने अनजाने किया गया। गांधीजी ने अपने संपूर्ण जीवन में लगातार इसकी ओर ध्यान दिलाने की कोशिश की। तो इसका आधार क्या हो सकता है? इन सबने कहा है कि धर्म, अध्यात्म, सभ्यता, संस्कृति यही वह आधार है जिस पर भारत दुनिया का शीर्ष देश बन सकता है और इसी कारण संपूर्ण विश्व इसे अपने लिए आदर्श और प्रेरक मानेगा। इतना ही नहीं इन सबने कहा है कि इसी में विश्व और संपूर्ण प्रकृति का कल्याण है। दुर्भाग्य से यह मूल सोच लगभग विलुप्त हो गई थी। अगर आप गहराई से देखें तो पिछले कुछ वर्षों में यह भाव अलग-अलग रूपों में प्रकट हुआ है। सत्ता ने किसी न किसी तरीके से देश के अंदर और बाहर विश्व मंच पर भी इसे घोषित करने का साहस दिखाया है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ सहित हुए पुनरुद्धार के बारे में आपकी जो भी राय हो लेकिन यह लोगों के अंदर आत्मगौरव बोध का कारण बना है। जब आप सत्ता राजनीति के आईने से देखेंगे तो इसके नकारात्मक पहलू दिखेंगे, क्योंकि भय यह होगा कि जो पार्टी कर रही है उसे व्यापक समाज का वोट मिल जाएगा। भारत राष्ट्र के अतीत,वर्तमान और भविष्य की दृष्टि से मूल्यांकन करें तो निष्कर्ष यही आएगा कि यही भारत है, यही अंतः शक्ति है जिसके आधार पर भारत की पुनर्रचना इसे उस शिखर पर ले जाएगी जहां इसे होना चाहिए। कोरोना और उसके व्यापक दुष्प्रभावों के बावजूद अगर ये सारे कार्य देश में संपन्न हो रहे हैं तो मान कर चलना चाहिए कि भारत अपनी संस्कृति को पहचान कर उसके अनुरूप प्रखरता से गतिशील होना आरंभ कर दिया है। यह सब केवल विश्वास और धारणा के विषय नहीं है। इनके आधार पर भारत सर्वांगीण विकास करेगा। यही वह पुंज है जो भारत को नैतिक, आदर्श ,संपूर्ण मानव समुदाय के प्रति संवेदनशील एवं एक दूसरे के लिए त्याग का व्यवहार पैदा करेगा। यह स्वीकार करने में कोई हिचक नहीं है कि पिछले 3 वर्षों में भारत ने जिस तरीके से खड़ा होने की कोशिश की है 2022 में वह सशक्त होगी। महात्मा गांधी, महर्षि अरविंद, विवेकानंद, पंडित मदन मोहन मालवीय सुभाष चंद्र बोस, डॉ राजेंद्र प्रसाद, अगर दूसरी विचारधारा में जाएं तो राम मनोहर लोहिया, पं. दीनदयाल उपाध्याय, आरएसएस के संस्थापक आदि सबने यही कहा कि अध्यात्म वह ताकत है जिसकी बदौलत भारत विश्व का शीर्ष देश बनेगा और संपूर्ण विश्व जो अनावश्यक संघर्ष तनाव, शोषण में उलझा हुआ है उसकी मुक्ति का रास्ता दिखाएगा। इसी में उसकी आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक प्रगति भी शामिल है। तो 2022 से हमारी अपेक्षा यही होगी कि यह धारा इतनी सशक्त हो कि फिर कोई झंझावात इसके कमजोर होने या धराशायी होने का कारण नहीं बने।

यह अपेक्षा मूर्त राष्ट्र की अवधारणा से नहीं हो सकती। कोई भी देश अपने लोगों के व्यवहार से ही लक्ष्य को प्राप्त करता है। इसलिए केवल राजनीति और धर्म ही नहीं हर क्षेत्र के लोगों वैज्ञानिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, इतिहासकार, समाजसेवी, पुलिस, सेना, सरकारी कर्मचारी सभी इस लक्ष्य को समझकर प्राणपण से 2022 में जुटें और इस धारा को सशक्त करें। यह भारत की वास्तविक मुक्ति, प्रगति और चीरजीविता का आधार बनेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

# चैत्री शुक्ल पक्ष प्रतिपदा एवं अंग्रेजी नए वर्ष की वैज्ञानिकता

अपनी संस्कृति का ज्ञान न होने के कारण हिन्दू भी 31 दिसंबर की रात्रि में एक-दूसरे को हैपी न्यू इयर कहते हुए नववर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। 1 जनवरी का इतिहास जान लेंगे आप तो छोड़ देंगे नववर्ष मनाना! विदेशी आक्रमणकारियों ने भारत में राज करने के लिए सबसे पहले भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात किया जिससे हम अपनी महान दिव्य संस्कृति भूल जाएं और उनकी पाश्चात्य संस्कृति अपना लें जिसके कारण वे भारत में राज कर सकें।नववर्ष उत्सव 4000 वर्ष पहले से बेबीलोन में मनाया जाता था।लेकिन उस समय नए वर्ष का ये त्यौहार 21 मार्च को मनाया जाता था। जो कि वसंत के आगमन की तिथि ( हिन्दुओं का नववर्ष ) भी मानी जाती थी। प्राचीन रोम में भी ये तिथि नव वर्षोत्सव के लिए चुनी गई थी लेकिन रोम के तानाशाह जूलियस सीजर को भारतीय नववर्ष मनाना पसन्द नही आ रहा था इसलिए उसने ईसा पूर्व 45वें वर्ष में जूलियन कैलेंडर की स्थापना की,उस समय विश्व में पहली बार 1 जनवरी को नए वर्ष का उत्सव मनाया गया। ऐसा करने के लिए जूलियस सीजर को पिछ्ला वर्ष, यानि, ईसापूर्व 46 ईस्वी को 445 दिनों का करना पड़ा था। उसके बाद भारतीय नववर्ष के अनुसार छोड़कर ईसाई समुदाय उनके देशों में 1 जनवरी से नववर्ष मनाने लगे।



प्रशान्त त्रिपाठी
(अधिवक्ता)राष्ट्रीय उपसचिव मानवाधिकार।

भारत देश में अंग्रेजों ने ईस्ट इंडिया कम्पनी की 1757 में स्थापना की उसके बाद भारत को 190 साल तक गुलाम बनाकर रखा गया।इसमें वो लोग लगे हुए थे जो भारत की ऋषि-मुनियों की प्राचीन सनातन संस्कृति को मिटाने में कार्यरत थे। लॉड मैकाले ने सबसे पहले भारत का इतिहास बदलने का प्रयास किया जिसमें गुरुकुलों में हमारी वैदिक शिक्षण पद्धति को बदला गया।

भारत का प्राचीन इतिहास बदला गया जिसमें भारतीय अपने मूल इतिहास को भूल गये और अंग्रेजों का गुलाम बनाने वाले इतिहास याद रह गया और आज कई भोले-भाले भारतवासी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को नववर्ष नही मनाकर 1जनवरी को ही नववर्ष मनाने लगे। इस साल आने वाला नया वर्ष 2022 अंग्रेजों का नया साल है।

हिन्दू धर्म का इस समय विक्रम संवत 2078 चल रहा है।

इससे सिद्ध हो गया कि हिन्दू धर्म ही सबसे पुराना धर्म है।

इस विक्रम संवत से 5000 साल पहले इस धरती पर भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के रूप में अवतरित हुए।

उनसे पहले भगवान राम, और अन्य अवतार हुए यानि जबसे पृथ्वी का प्रारम्भ हुआ तबसे सनातन (हिन्दू) धर्म है।कहाँ करोड़ों वर्ष पुराना हमारा सनातन धर्म और कहाँ भारतीय अपनी गरिमा से गिर 2000 साल पुराना नववर्ष मना रहे हैं!

जरा सोचिए सीधे-सीधे शब्दों में हिन्दू धर्म ही सब धर्मों की जननी है। यहाँ किसी धर्म का विरोध नहीं है परन्तु सभी भारतवासियों को बताना चाहते हैं कि इंग्लिश कैलेंडर के बदलने से हिन्दू वर्ष नहीं बदलता।

जब बच्चा पैदा होता है तो पंडित जी द्वारा उसका नामकरण कैलेंडर से नहीं ,हिन्दू पंचांग से किया जाता है। ग्रहदोष भी हिन्दू पंचाग से देखे जाते हैं और विवाह,जन्मकुंडली आदि का मिलान भी हिन्दू पंचाग से ही होता है। सभी व्रत, त्यौहार हिन्दू पंचाग से आते हैं।मरने के बाद तेरहवाँ भी हिन्दू पंचाग से ही देखा जाता है।मकान का उद्घाटन,जन्मपत्री, स्वास्थ्य रोग और अन्य सभी समस्याओं का निराकरण भी हिन्दू कैलेंडर 6पंचाग8 से ही होता है।

आप जानते हैं कि रामनवमी, जन्माष्टमी, होली, दीपावली, राखी, भाई दूज, करवा चौथ, एकादशी, शिवरात्री, नवरात्रि, दुर्गापूजा सभी विक्रमी संवत कैलेंडर से ही निर्धारित होते हैं। इंग्लिश कैलेंडर में इनका कोई स्थान नहीं होता सोचिये! आपके इस सनातन धर्म के जीवन में इंग्लिश नववर्ष या कैलेंडर का स्थान है कहाँ ?

आखिर 1 जनवरी को क्या नया हो रहा है..????

न ऋतु बदलीन मौसमन कक्षा बदलीन सत्रन फसल बदलीन खेती न पेड़ पौधों की रंगतन सूर्य चाँद सितारों की दिशाना ही नक्षत्र?

हाँ, नए साल के नाम पर करोड़ो /अरबों जीवों की हत्या व करोड़ों /अरबों गैलन शराब का पान व रात पर फूहणता अवश्य होगी।

भारतीय संस्कृति का नव संवत ही नया साल है.... जब ब्रह्माण्ड से लेकर सूर्य चाँद की दिशा, मौसम, फसल, कक्षा, नक्षत्र, पौधों की नई पत्तियां, किसान की नई फसल, विद्यार्थी की नई कक्षा, मनुष्य में नया रक्त संचरण आदि परिवर्तन होते हैं जो विज्ञान आधारित है और चैत्र नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण घर, मन्दिर, गली, दुकान सभी जगह पूजा-पाठ व भक्ति का पवित्र वातावरण होता है।

अतः हिन्दुस्तानी अपनी मानसिकता को बदले, विज्ञान आधारित भारतीय काल गणना को पहचाने और चैत्री शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन ही नूतन वर्ष मनायें।

## सत्संग की महिमा




संकलित

दर्शन

एक बार देवर्षि नारद भगवान विष्णु के पास गए और प्रणाम करते हुए बोले, भगवान मुझे सत्संग की महिमा सुनाइये। भगवान मुस्कराते हुए बोले, नारद! तुम यहां से आगे जाओ, वहां इमली के पेड़ पर एक रंगीन प्राणी मिलेगा। वह सत्संग की महिमा जानता है, वही तुम्हें भी समझाएगा भी। नारदजी खुशी-खुशी इमली के पेड़ के पास गए और गिरगिट से बातें करने लगे। उन्होंने गिरगिट से सत्संग की महिमा के बारे में पूछा। सवाल सुनते ही वह गिरगिट पेड़ से नीचे गिर गया और प्राण छोड़ दिए। नारदजी लौट आए और भगवान को सारा वृत्तांत सुनाया। भगवान ने कहा, इस बार तुम नगर के उस धनवान के घर जाओ और वहां जो तोता पिंजरे में दिखेगा, उसी से सत्संग की महिमा पूछ लेना। नारदजी ने तोते से सत्संग का महत्व पूछा। उसके भी प्राणपखेरू उड़ गए। इस बार भगवान ने कहा- तुम नगर के राजा के महल में जाओ और उसके नवजात पुत्र से अपना प्रश्न पूछो। नारदजी राजमहल में आए। नारदजी ने राजपुत्र से सत्संग की महिमा के बारे में प्रश्न किया तो वह नवजात शिशु हंस पड़ा और बोलाः महाराज! अमृत को अपने माधुर्य का पता नहीं होता। ऐसे ही आप अपनी महिमा नहीं जानते, इसलिए मुझसे पूछ रहे हैं। बालक बोला, ऋषिवर, अब मुझे आशीर्वाद दें कि मैं मनुष्य जन्म के परम लक्ष्य को पा लूं। नारदजी ने आशीर्वाद दिया और भगवान हरि के पास जाकर सब कुछ बता दिया। भगवान ने कहा, सचमुच, सत्संग की बड़ी महिमा है।

## अर्थ को व्यर्थ माना तो प्रवृत्ति से निवृत्ति हो गए



संकलित

प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद 1893 ई. में जब विश्व धर्म सम्मेलन के सिलसिले में अमेरिका के शिकागो नगर में थे तो लोग उनसे भारत के भिखारी संदर्भ को लेकर बहुत प्रश्न करते थे। कुछ अमेरिकी जिज्ञासावश और कुछ उपहासवश स्वामीजी का ध्यान बारबार भारत की भिखारी समस्या की ओर आकर्षित करते थे। स्वामीजी ने एक दिन अमेरिकियों के एक विशाल सम्मेलन में इस समस्या को उठाया। उन्होंने कहा कि भारत में जिसने जितना छोड़ा, उसे उतना महान मानते हैं और जिसने जितना जोड़ा, उसे उतना ही निचला दर्जा दिया जाता है। आप लोग भिखारी शब्द को लेकर बहुत उत्सुक हैं, लेकिन हमारे देश में एक और शब्द भी है, जो भिखारी से भी आगे है और वह है भिक्षु। भिखारी का अर्थ है,उस आदमी के पास कभी धन था ही नहीं। उसने धन को कभी जाना ही नहीं। भिक्षु का अर्थ है कि उसके पास धन था, उसने धन को खूब जाना और खूब भोगने के बाद उसे व्यर्थ जानकर छोड़ दिया। अर्थ को व्यर्थ माना तो प्रवृत्ति से निवृत्ति हो गई। विवेकानंद ने सहस्त्रों अमेरिकियों की करतल ध्वनि के बीच कहा कि दुनिया की किसी भी भाषा में ऐसे दो शब्द यानी भिक्षु और भिखारी नहीं है। भीख मांगने वालों के लिए एक ही शब्द काफी होता है भिखारी। दुनिया को दूसरा अनुभव ही नहीं था। वह विरला अनुभव केवल भारत को ही है। भारत देश में ही महावीर और बुद्ध जैसे महात्यागी हुए,जो राजसी ठाट–बाट में पलकर भी भिखारी बन गए। उनके पास बहुत था और वे उसे छोड़कर भिक्षु बन गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### यूपी ही नहीं, राष्ट्रीय राजनीतिक सामाजिक परिवेश में बदलाव का दौर

योगी आदित्यनाथ यूपी के मुख्यमंत्री बनने के बाद इतना तो तय हो गया कि यूपी की कायापलट करने में कोई कसर नही छोड़ना चाहते हैं। योगी के नेतृत्व में यूपी में जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है। यह भाजपा की उपलब्धि है। नरेंद मोदी का एक पैर यूपी में तो दूसरा पैर दिल्ली में रहता है। हर दूसरे दिन यूपी में परियोजनाओं का लोकार्पण कार्यक्रम होता है। यह विकास नहीं है तो इसे विपक्ष क्या नाम देता है। मेरठ में आज सरधना में मेजर ध्यान चंद खेल विश्वविद्यालय शिलान्यास किया। साढ़े सात सौ करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। पहले की सरकारों पर तंज कसते हुए मोदी ने कहा कि 2017 के पहले माफियाओं के टूर्नामेंट होते थे। आज बेटियां निडर घूम रही है। मेरठ की बेटियां पूरे देश ने नाम रोशन कर रही है।

*–कांतिलाल मांडोत*

## ट्रेंड

### सेवा जारी रखूंगा



दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के रूप में सेवा करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यूएन के लिए काम करना बड़ा विशेषाधिकार। मैं विश्वास के निर्माण की भावना से विनम्रता के साथ सेवा करना जारी रखूंगा।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### गुरु को खोने का दर्द



उनके बिना, मेरे जीवन के कई पहलू अनछुए रह जाते। मेरे गुरु आचरेकर का हमेशा आभारी। उन्होंने हमें बहुत कुछ सिखाया। उन्हें खोने का अथाह दर्द है लेकिन मुझे पता है कि वह हमेशा स्वर्ग से हम सभी की देखभाल कर रहे हैं।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### अज्ञान के कारण भिन्नता



संसार में रूप-गुण, कर्म आदि की भिन्नताएं केवल अज्ञान के कारण ही होती हैं, ज्ञान प्राप्ति के अनन्तर साधक के मन से द्वैत भाव का अवसान हो जाता है और सर्वत्र एकत्व अनुभूत होने लगता है। उसके भीतर कोई भेद नहीं रह जाता है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### समाज और समझ



मैंने अपने गुरु से समाज और समझ में अंतर पूछा? उन्होंने उत्तर दिया समाज में तुम बाहरी दुनिया को देखो, अराजकता और उथल-पुथल से भरा हुआ। और समझ में आप आंतरिक दुनिया को देखते हैं, शांतिपूर्ण और आनंदित। -हर्ष गोयनका, उद्योगपति




## करंट अफेयर

### यूक्रेन वार्ता से पहले अमेरिका और रूस के बीच मतभेद



यूक्रेन सीमा पर रूसी सैनिकों की तैनाती पर राष्ट्रपति जो बाइडन और व्लादिमीर पुतिन के बीच बातचीत के बाद, दोनों पक्षों ने जोर देकर कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जनवरी के लिए निर्धारित राजनयिक वार्ता के दौरान तनाव कम करने का मार्ग खुल सकता है। बाइडन ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने जब एक दिन पहले फोन पर बात की तो पुतिन को सलाह दी कि आगामी वार्ता तभी सार्थक हो सकती है जब रूसी नेता आने वाले दिनों में तनाव को कम करें। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने पुतिन को यह स्पष्ट करने की भी मांग की कि अगर रूस ने यूक्रेन पर और आक्रमण किया तो अमेरिका और उसके सहयोगी रूस पर दंडात्मक प्रतिबंध लगाने के लिए तैयार हैं। बाइडन ने कहा,'मैंने राष्ट्रपति पुतिन को स्पष्ट कर दिया है कि अगर वह यूक्रेन में और कदम उठाते हैं तो हमारे ऊपर कड़े प्रतिबंध लगाए जाएंगे।'उन्होंने कहा,'हम नाटो सहयोगियों के साथ यूरोप में अपनी मौजूदगी बढ़ाएंगे।' इस बीच, बाइडन की राष्ट्रीय सुरक्षा टीम ने जिनेवा वार्ता की तैयारी पर अपना ध्यान केंद्रित किया, जो नौ और 10 जनवरी के लिए निर्धारित है, जिसमें रूस द्वारा यूक्रेन के साथ अपनी सीमा पर लगभग 1 लाख सैनिकों की तैनाती पर चर्चा की जाएगी।

## ऑफ बीट

### डायनासोर के 6 करोड़ साल पुराने अंडों का घोसला मिला



ब्राजील में जीवाश्म बन चुके डायनासोर के अंडों का घोसला मिला है। बताया जा रहा है कि ये अंडे 6 करोड़ साल पुराने हैं। ये अंडे मिट्टी में दब गए और बाद में जीवाश्म बन गए। डायनासोर के इस घोसले में 5 अंडे मिले हैं। पहले माना जाता था कि ये अंडे प्राचीन घड़ियाल के हैं लेकिन जांच करने पर इनकी असलियत सामने आई। यह घोसला ब्राजील के साओ पाउलो शहर के प्रेसिडेंटे प्रूडेंटे इलाके में मिले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक जीवाश्म विज्ञानी विलियम राबर्टो नावा की टीम ने इन अंडों का व्यापक विश्लेषण किया है। उन्होंने पाया कि ये अंडे घड़ियाल के अंडों से ज्यादा बड़े और मोटी खोल वाले हैं। इस स्थल पर हुई ज्यादातर खोजों के लिए जिम्मेदार नावा ने बताया कि डायनासोर के ये अंडे 4 से 5 इंच लंबे हैं और 2 से 3 इंच चौड़े हैं। डायनासोर के ये अंडे जमीन के अंदर सुरक्षित थे,जो अब समय के साथ बलुआ पत्थर में बदल गई है। नोवा ने बताया कि करोड़ों साल में ये मिट्टी अंडों की प्राकृतिक संरक्षक बन गई। मिट्टी की कई परत इतने वर्षों में अंडों के ऊपर जमा हो गई। इन अंडों को पिछले साल निकाला गया था लेकिन हाल ही में यह पता चला है कि ये डायनासोर के अंडे हैं। इन अंडों में जीवाश्म बन चुके भ्रूण भी मौजूद हो सकते हैं।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI NO. DELHIN38334, E-mail:gauravashalibharat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

# घायल परिवार की थानाध्यक्ष ने मौके पर जाकर की मदद,मिली दुआएं

## थाना अध्यक्ष की शहर में हो रही प्रसंसा

संवाददाता

**स्योहरा।** बीती देर रात स्योहारा पुलिस का एक सरात्मक चेहरा उस समय देखने को मिला जब बीती रात बुढ़नपुर में नुरपर क्षेत्र निवासी संजीव पुत्र गणेश अपने दो बच्चों व पत्नी सहित बाइक पर सवार होकर घर को लौट रहा था तभी इकडे के पुल पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी जिसकी सूचना पर थानाध्यक्ष आशीष कुमार तोमर दल बल के साथ पहुंचे और घायलों को मदद पहुंचाते हुए उनके जीवन को बचाकर दुआएं हासिल की।


मौके पर थानाध्यक्ष व अन्य

हालांकि घटना में संजीव ज़्यादा घायल हो गया था तो पुलिस ने तुरन्त उसको इलाज मुहैया कराया।

# कोराव महोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया

संवाददाता

**कोराँव प्रयागराज ।** कोराँव महोत्सव मे आज सुरो का जलवा भोजपुरी गायक राजेश परदेशी द्वारा बिखेरा गया

कोराँव मे विगत कई वर्षो से आपसी सौहार्द कोराँव महोत्सव का आयोजन होता है इस वर्ष भी कोराँव महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अमित मिश्रा गायक मिर्जापुरी खुशबू तिवारी गायिका मिर्जापुर राजेश परदेसिया गायक भोजपुरी उषा इलाहाबादी गायिका व लोक कवि द्वारा लोक गायक व अपनी अपनी कलाओं को



बिखेरा गया और लोगों द्वारा आनंद उठाया गया कोराव महोत्सव के कार्यक्रम 1 जनवरी 2022 से शुरू होकर 3 जनवरी आज सोमवार के दिन समापन हुआ इस मौके पर पूर्व विधायक राजबली जैसल शशि द्विवेदी कार्यक्रम के संस्थापक राजमणि कॉल विधायक कोरांव विधानसभा नरसिंह केसरी नगर पंचायत अध्यक्ष गौरव सुरेंद्र द्विवेदी पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन कोरांव मोती लाल कुशवाहा पूर्व अध्यक्ष घनश्याम स्वर्णकार भाजपा नामित सभासद नगर पंचायत कोरांव सचिन केसरी सभासद धर्मवीर सोनी राष्ट्रीय सचिव भारतीय जनता यूथ ब्रिगेड , सौरभ सोनी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, कमलेश स्वर्णकार, अमित कुमार स्वर्णकार,अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव व तमाम सम्मानित गण कार्यक्रम में मौजूद रहे और सभी के द्वारा मौजूद कलाकारों का उत्साहवर्धन किया गया राजेश परदेसिया भोजपुरी गायक का भी अभिवादन किया गया इसी के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# स्व. बलराम सिंह की मनाई गयी जयंती

**कोरांव प्रयागराज।** आज दिनांक 01.01.2022 को स्व0 बलराम सिंह की जयन्ती मनाई गयी, जिसके उपलक्ष्य में बलराम



पी0जी0 कालेज प्रयाग सिटीजन लॉ कालेज एवं माँ शारदे इण्टर कालेज, सिरहिर, मेजा, प्रयागराज में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलकूद का आयोजन किया गया जिसमें छात्र/छात्राओं ने अपनी सहभागिता प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पी0जी0 कालेज के प्राचार्य डॉ0 अरुण कुमार सिंह ने छात्र/छात्राओं को अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासन का जीवन में बहुत महत्व है। कार्यक्रम में सहभागी छात्र/छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 वी0पी0 के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ0 रूद्रन्जय मिश्रा आजाद जी, डॉ0 नरेश त्रिपाठी, डॉ0 शाह आलम, डॉ0 अनुज मिश्रा, कृपा शंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में बच्चों के वैक्सीनेशन के लिए बनाये गये वैक्सीनेशन सेंटर का फीता काटकर किया शुभारम्भ

## स्कूलों में भी कैम्प लगाकर बच्चों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित किया जायेगा-जिलाधिकारी

संवाददाता

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सोमवार को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज के वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वहां पर जिन बच्चों को वैक्सीनेशन लगा, उनसे वार्ता भी किया तथा कहा कि और बच्चों को वैक्सीनेशन के लिए जागरूक करें। वहां पर समुचित व्यवस्था उपलब्ध है कि नहीं कि जानकारी ली। उन्होंने कहा कि विशेष अभियान के तहत 15 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों को वैक्सीनेशन लगाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में 10 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वैक्सीनेशन सेंटर बनाये गये है,



इसके अलावा सारे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी कैम्प लगाकर सभी बच्चों का वैक्सीनेशन कराया जायेगा। मास्क एवं सोशल डिस्टेंशिंग का पालन कराया जायेगा तथा टेकिंग तथा टेऊसिंग आदि की भी व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी नानक सरन, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तीरथराज, सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

# बिजनौर जेल में सामाजिक संस्थाओं व सम्मानित व्यक्तियों ने बंदियों को बाटी गर्म लोई

## प्रभारी जेल अधीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने संस्था व सामाजिक व्यक्तियों का हृदय से किया धन्यवाद प्रकट

संवाददाता

बिजनौर के जिला कारागार में राकेश मलिक समाजसेवी तथा प्रबंधक विनायक कॉलेज बिजनौर राजेश सरदाना वरिष्ठ प्रबंधक पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क प्राइवेट लिमिटेड हरिद्वार एवं रश्मि शिक्षिका विनायक कॉलेज के द्वारा जिला कारागार बिजनौर में निरुद्ध व गरीब असहाय बन्दियों को सर्दी से बचाव हेतु 100 नग गर्म लोई प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रभारी जेल अधीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा की जिला कारागार में निरूद्ध बंदियों में बहुत से बंदी ऐसे होते है जो बहुत ही गरीब एवं मदद की दरकार वाले होते है ऐसे बंदियों को सामाजिक संस्थाओं व सम्मानित व्यक्तियों द्वारा समय-समय पर मदद मिलती रहती है मैं ऐसी सभी संस्थाओं सामाजिक व्यक्तियों का हृदय से धन्यवाद प्रकट करता हूँ।




साथ ही आशा करता हूँ कि सभी का यह सहयोग निरन्तर बना रहे।

# मंडलाध्यक्ष ध्रुव शर्मा का किया जोशीला स्वागत



**हाथरस-सासनी-** 3 जनवरी। तेज तर्रार भारतीय जनता पार्टी के युवा मंडलाध्यक्ष ध्रुव शर्मा का दो वर्षीय कार्यकाल काफी सराहनीय और उत्तम रहने के कारण भाजपाईयों ने ध्रुव शर्मा का जोशीला स्वागत किया। सोमवार को नगर कार्रालय पर श्री शर्मा का स्वागत करते हुए भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारियों और कार्रकताओं ने उन्हें भारतीय जनता पार्टी सासनी के तेजतर्रार फायर ब्रांड मंडल अध्यक्ष के नाम से संबोधित करते हुए कहा कि श्री शर्मा एक जोशीले और कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारी है। चूंकि पार्टी भी सबका साथ सबका विकास लेकर चल रही है। तो पार्टी की परीक्षा में वह कई बार खरे उतरे है। अपने कार्यकाल के 2 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। कार्रकताओं और पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पहारों से लाद दिया और धर्म संस्थापक भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को प्रतीक चिन्हं के रूप में भेंट किया। इस दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष आशुतोष पाठक, एवं निवर्तमान मण्डल उपाध्यक्ष दीपेश वर्मा, आदि तमाम कार्रकर्ता मौजूद रहे।

# संयुक्त निदेशक के निर्देशन में परखी गयीं कोविड बचाव की तैयारियां

## - सेमरियांवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में देखे गए इन्तजाम

## - हर जगह अधिकारी करते रहे पर्यवेक्षण, सुधारते रहे कमियां

**संतकबीरनगर,** कोविड की संभावित तीसरी लहर से बचने की तैयारियों को परखने के लिए जिले में माक ड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान जिले के छः सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों के साथ ही साथ जिला अस्पताल के मैटरनल चाइल्ड हेल्थ (एमसीएच विंग) में स्थित एल टू फैसिलिटी में भी तीसरी लहर की तैयारियों को परखा गया। शासन से नियुक्त जिले के नोडल अधिकारी लखनउ से आए संयुक्त निदेशक डॉ ए के वर्मा के साथ ही साथ जिला स्तर पर बनाए गए पर्यवेक्षण अधिकारी इन तैयारियों का परीक्षण चेकलिस्ट के हिसाब से करते रहे।

जनपद के अस्पतालों में कोरोना की तीसरी लहर से बचाव के इंतजामों को जांचने के लिए सेमरियांवा सीएचसी व जिला अस्पताल की एमसीएच विंग समेत कुल सात स्वास्थ्य इकाइयों में माक ड्रिल का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इन्द्र विजय विश्वकर्मा तथा शासन से नामित नोडल अधिकारी संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य , स्वास्थ्य भवन लखनउ डॉ ए के वर्मा के निर्देशन में सेमरियावां सीएचसी में माक ड्रिल प्रारंभ की गई। इस दौरान स्वास्थ्य इकाइयों में



पीडियाट्रिक इंटेंसिव केयर यूनिट , नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट और स्वास्थ्य केंद्रों की तैयारियों को परखा गया। इस दौरान यह देखा गया कि तीसरी लहर के लिए हेल्थ सिस्टम कितना तैयार है, साथ ही अस्पतालों में कोरोना से इलाज के कितने इन्तजाम हैं। अधिकारीगण हर चरण का चेकलिस्ट के हिसाब से मिलान करते रहे। अगर बीच में कहीं कोई चरण छूट गया तो उसको रिपीट कराया गया। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ मोहन झा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बार्न डिजीज डॉ वी पी पाण्डेय , जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ आर डी मौर्या तथा एपीडेमियोलाजिस्ट ( जिला महामारी रोग विशेषज्ञ ) डॉ मुबारक अली, स्वास्थ्य अधीक्षक सेमरियांवा डॉ जगदीश पटेल बीपीएम राजेश पाण्डेय व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

**इन सुविधाओं की हुयी जांच**

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन झा ने बताया कि माक ड्रिल के दौरान पीडियाट्रिक कोविड केयर यूनिट, नियोनेटल इमरजेंसी केयर यूनिट, कोविड केयर वार्ड में उपकरणों व स्टाफ की जांच, ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट, वेंटिलेटर, बाइपैप, मास्क व जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता, ऑक्सीजन सप्लाई व ऑक्सीजन की उपलब्धता, पीपीई किट, स्टाफ का व्यवहार, विशेषज्ञों, चिकित्सक, नर्स व अन्य स्टाफ की उपलब्धता, कंट्रोल रूम, स्टाफ की सक्रियता, ड्यूटी रोस्टर, एंबुलेंस चालकों का व्यवहार, एंबुलेंस की व्यवस्था के साथ ही उपकरणों की उपलब्धता की मॉनिटरिंग की गई। मॉक ड्रिल पूरी तरह से सफल रही तथा आवश्यकता की दवाइयों के साथ ही अन्य उपकरण भी संचालित मिले। स्टाफ को कई चक्रों में प्रशिक्षित करने का नतीजा रहा कि कहीं कोई गलती नहीं मिली।

# सावित्रीवाई फुले का मनाया जन्मोत्सव



**हाथरस-ससनी-** 3 जनवरी। देश की पहली शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले के जन्म दिवस के अवसर पर हाथरस जनपद के कौन बनेगा करोड़पति के विजेता रहे अखिलेश कुमार अम्बेश, राकेश रावत जी सहायक अध्यापक मुरसान की मौजूदगी में रुदायन रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में शैक्षिक एवं सामाजिक विकास समिति भीम नगर उर्फ गदा खेड़ा सासनी महामाया नगर द्वारा संचालित सम्यक पुस्तकालय एवं वाचनालय में सावित्रीवाई फुले का जन्मोत्सव बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सोमवार को जन्मोत्सव के दौरान माता सावित्री बाई फुले के छवि चित्र के सामने दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभी ने माता सावित्री बाई फुले जी के जीवन संघर्ष पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने संयुक्त रूप में बच्चों से कहा अपना उद्देश्य बड़ा लेकर चलें, आप दुनिया के लिए स्वयं मिशाल बनें। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम के साथ मेहनत करनी होगी। अखिलेश कुमार अम्बेश एवं राकेश रावत ने सभी बच्चों को पेन और कापी वितरित किये। इससे पूर्व इस अवसर पर तमाम लोग मौजूद थे।

# एसएचओ ने की व्यापारियों के साथ बैठक



**हाथरस-सासनी-** 3 जनवरी। कोतवाली परिसर में एसएचओ सत्येंद्र सिंह ने क्षेत्र के सभी संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक की जिसमें आमिक्रॉन और बढ़ते कोरोना को लेकर सतर्कता और बचने के उपायों के बारे में चर्चा की ।

एसएचओ ने कहा कि जिस प्रकार देश और प्रदेश में कोरोना का प्रकोप फिर से पनप रहा है। उसे लेकर सभी को सतर्क रहने की आवश्यकता है। कस्बा या गांव में कहीं भी यदि कोई अफवाह फैलाता है तो उसके बारे में फौरन पुलिस को इत्लाह करनें। जिससे अफवाह फैलाने वले के प्रति कार्रवाई की जा सके। इसके अलावा उन्होंने लोगों से अपराधी किस्म के लोगों के बारे में भी समय-समय पर जानकारी देने और उनकी गतिविधियों के बारे में बताने की बात कही। वहीं उन्होंने लोगों से विभिन्न बातों पर चर्चा करते हुए लोगों से मास्क एवं सोशल डिस्टेंसिंग एवं हैंड सैनिटाइजर का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान चेयरमैन लालता प्रसाद माहौर, ध्रुव शर्मा, दीपेश शर्मा,मोहन लाल सराफ, प्रमोद गर्ग, विपिन कुमार, मुनेश कुमार, कमल वार्ष्णेय, योगेश गुप्ता, अंकित शर्मा, उत्कर्ष शर्मा, विमल, भीष्मपाल सिंह, विमल कुमार, रामकन्हैया शर्मा, मोहन वार्ष्णेय, भू प्रकाश उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# बूथों पर पहुंचकर उत्साह के साथ बच्चों ने कराया कोविड का टीकाकरण

## ⁄जिले में कुल 11 बूथ पर बच्चों को लगाया गया कोविड का टीका

## - बच्चों को कोविड से बचाना हम सभी लोगों की जिम्मेदारी झ सीएमआ

**संतकबीरनगर,** बच्चों को कोविड से बचाने के लिए जिले में कोविड



टीकाकरण का शुभारंभ सोमवार को हुआ। इस दौरान बच्चों ने जिले के कुल 11 टीकाकरण बूथों पर पहुंचकर अपना टीकाकरण कराया। टीकाकरण के इस महाअभियान को लेकर बच्चों के अन्दर काफी उत्साह देखा गया। वे पहले से ही अपना टीकाकरण स्लाट बुक कराकार बूथों पर पहुंच रहे थे तथा बिना किसी भय के अपना टीकाकरण करवा रहे थे।

जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में कोविड टीकाकरण कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इन्द्र विजय विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि बच्चों को कोविड से बचाने की जिम्मेदारी उनके अभिभावकों के साथ उनकी खुद की है। इस टीके का कोइ दुष्प्रभाव नहीं है। कइ परीक्षण के उपरान्त यह टीका बच्चों के लिए लाया गया है। वर्तमान में 15 साल से लेकर 18 साल तक के बच्चों को टीका लगाया जा रहा है। सभी की जिम्मेदारी बनती है कि वे टीका लगवाकर कोविड से सुरक्षित हों। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन झा ने बताया कि बच्चों के टीकाकरण के लिए अलग से बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्ता लगाए गए हैं। वह बच्चों को टीकाकरण के बाद आवश्यक सावधानियां बताते हैं। साथ ही साथ उनको आधे घण्टे तक निगरानी में रखा जाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एस रहमान ने बताया कि जनपद में एमसीएच विंग समेत कुल 11 स्थानों पर बच्चों के लिए बूथ बनाए गए हैं। इन बूथों पर केवल बच्चों को ही टीका लगाया जा रहा है। सुबह से ही बच्चों की भीड़ टीकाकरण बूथ पर देखी गयी।

इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी वेक्टर बार्न डिजीज डॉ वी पी पाण्डेय, जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ ओ पी चतुवेर्दी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ सुनील कुमार, जिला वैक्सीन मैनेजर इविन यूएनडीपी सुशील कुमार मौर्या के साथ ही साथ अन्य स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जारी रहा नियमित टीकाकरण**

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिले में बच्चों के लिए किए जा रहे टीकाकरण सत्र के अतिरिक्त नियमित टीकाकरण भी जारी रहा। इनके लिए अतिरिक्त बूथ बनाए गए थे। इन बूथ पर पहले डोज के साथ ही दूसरे डोज का टीकाकरण भी किया जा रहा था। इसके लिए अतिरिक्त वैक्सीन वेरीफायर तथा वैक्सीनेटर लगाए गए थे।

**बच्चे बोले -अब हमें छू नहीं पाएगा कोरोना**

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खलीलाबाद में टीकाकरण के लिए आए बच्चों में काफी उत्साह देखा गया। सूर्या इण्टरनेशनल सीनियर सेकेण्डरी एकेडमी की 10 वीं कक्षा के छात्र 15 वर्षीय उत्कर्ष बताते हैं कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब इन्जेक्शन लग गया। अब वे कोरोना से सुरक्षित है। वहीं 11 वीं की छात्रा 16 वर्षीया साक्षी सिंह बताती हैं कि उन्होने तो पहले ही बुकिंग करवा लिया था। कोविड के चलते उनकी पढ़ाइ का काफी नुकसान हुआ। बच्चों का टीकाकरण हो जाने से अब उनका स्कूल बन्द नहीं होगा तथा पढ़ाई ठीक से चलेगी। बनियाबारी की निवासी 17 वर्षीया श्रेया सिंह बताती हैं कि उन्हें पहले भय लग रहा था लेकिन टीका लग जाने के बाद वे काफी राहत महसूस कर रही हैं। एचआरपीजी कालेज की छात्रा 18 वर्षीया स्कन्दिका ने बताया कि टीका लगवाकर वे सुरक्षित हो गयी हैं।

# काजल अग्रवाल

## बनने वाली हैं मां, खास मैसेज के साथ दी गुड न्यूज़!



**साउथ इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस काजल अग्रवाल (Kajal Aggarwal) गौतम किचलू के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं. दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई रहती है. इस बीच हाल ही में उन्होंने बेबी बंप के साथ तस्वीर शेयर कर फैंस को गुड न्यूज़ दी है.**

साउथ इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग का सिक्का जमाने वाली एक्ट्रेस काजल अग्रवाल (Kajal Aggarwal) बिजनेसमैन गौतम किचलू (Gautam Kitchlu) के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं. दोनों की खूबसूरत तस्वीरें अक्सर सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. जिस पर उनके फैंस खूब प्यार लूटाते हैं. इस बीच हाल ही में न्यू ईयर (New Year 2022) के खास मौके पर कपल ने अपने फैंस को एक बड़ी गुड न्यूज़ दी है कि वे मां बनने वाली हैं. इसके साथ ही उन्होंने बेबी बंप के साथ एक प्यारी-सी तस्वीर भी शेयर की है. जिसे फैंस का ढेर सारा प्यार मिल रहा है. साथ ही लोगों ने बधाइयों की झड़ी सी लगा दी है.



दरअसल, काजल अग्रवाल (Kajal Aggarwal) ने न्यू ईयर के खास मौके पर अपने हबी गौतम किचलू (Gautam Kitchlu) के साथ एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की. जिसमें देखा जा सकता है कि गौतम यहां काजल और अपने होने वाले बच्चे को हग किए नज़र आ रहे हैं. दोनों साथ में काफी अच्छे लग रहे हैं. एक्ट्रेस (Kajal Aggarwal) ने अपनी इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, अब मैं अपने बीते अंत के लिए आंखें पूरी तरह से बंद करती हूं. साथ ही नई शुरुआत के लिए अपनी आंखें खोलती हूं! हैप्पी न्यू ईयर फैम. 2021 के लिए बेहद आभारी.

एक्ट्रेस (Kajal Aggarwal) का ये पोस्ट सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गया है. उन्होंने अपने इस पोस्ट में खुलेतौर पर तो नहीं लिखा है कि वे बच्चे का वेल्कम करने जा रहे हैं. लेकिन उन्होंने ये जरूर कहा कि वे नई शुरुआत करने जा रही हैं. साथ ही उनकी इस तस्वीर में बेबी बंप भी देखा जा सकता है. ऐसे में लोगों का ये मानना है कि काजल (Kajal Aggarwal) प्रेग्नेंट हैं. बता दें कि ये कोई पहला मौका नहीं है, जब एक्ट्रेस की प्रेग्नेंसी की खबरें चर्चा में रही. इससे पहले भी कई मौकों पर ऐसा हो चुका है. हालांकि, उस दौरान ये महज़ अफवाह साबित हुई थी. लेकिन इस बार एक्ट्रेस की तस्वीर और पोस्ट के साथ दिया गया कैप्शन कुछ हद तक चीज़ों को साफ करता नज़र आ रहा है कि उनके घर में जल्द ही एक नन्हा मेहमान आने वाला है.

# प्रियंका चोपड़ा

## के साथ न्यू इयर पर निक जोनस ने खुलेआम की सारी लिमिट क्रॉस



नए साल की शुरुआत हो चुकी हैं. निक जोनस (Nick Jonas) और प्रियंका चोपड़ा (Priyanka Chopra)ने अपने नए साल की शुरूआत बेहद ही प्यारे अंदाज से की. . निक जोनस ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर साझा की है. फैंस इनकी तस्वीर देखने के बाद निहाल हो गए हैं. उनकी यह तस्वीर काफी रोमांटिक है. दरअसल, हुआ यूं कि अमेरिका में अपने खास दोस्तों और परिवार के संग प्रियंका और निक ने पार्टी कर साल (Welcome 2022) की शुरूआत की है.



आपको बता दें, निक ने अपने पार्टी की प्यारी सी तस्वीरों को फैंस के साथ शेयर किया है. दोनों के इस प्यार को देख फैंस भी काफी ज्यादा खुश नजर आएं. बीती रात प्रियंका (Priyanka Chopra) के साथ निक (Nick jonas) ने जमकर पार्टी की. नए साल की खुशी को इस कपल ने एक दूसरे की बाहों में किया एंजॉय. जो इस तस्वीर में साफ तौर पर दिख रहा है. इस तस्वीर में प्रियंका-निक को किस करते हुए नजर आ रहीं हैं. निक-प्रियंका की ये खूबसूरत तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही कुछ ही समय में आग की तरह फैल गई.

बता दें, निक जोनस ने जैसे ही सोशल मीडिया पर यह पोस्ट साझा की वैसे ही यह वायरल हो गई..फैंस इनकी इस रोमांटिक तस्वीर पर जमकर प्यार बरसा रहें हैं. फोटो पर लाइक्स और कमेंट्स की भरमार हैं. लोग अपने जज्बात को कमेंट के जरिए साझा कर रहे हैं. लोग उनके प्यार की तारीफ करते हुए बिल्कुल नहीं थक रहें. कुछ समय पहले लोगों के बीच खटास की खबरें आ रही थी. खबर तो यहां तक आ गई थी की दोनों अलग होने वाले हैं. हालांकि निक ने अपनी साथ तस्वीर शेयर कर लोगों के मुंह पर ताला लगा दिया.

## सोहा ने परिवार के साथ मनाया नया साल, सैफ, करीना, कुणाल के साथ पोस्ट की तस्वीरें



अभिनेत्री सोहा अली खान पटौदी न्यू ईयर फैमिली डिनर में पति कुणाल खेमू, भाभी करीना कपूर खान, भाई सैफ अली खान और करीना के चाचा कुणाल कपूर के साथ शामिल हुईं ।उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर डिनर की तस्वीरें शेयर कीं। इन फोटोज में सभी मस्ती करते और जश्न मनाते नजर आ रहे हैं।

सोहा ने अपनी तस्वीरों पर कैप्शन दिया, नई शुरूआत, 2022 दयालु बनना ।यह दूसरी बार है, जब करीना अपने कोविड के ठीक होने के बाद किसी पारिवारिक समारोह में शामिल हुई हैं। इससे पहले, वह अपने चाचा कुणाल कपूर के जुहू स्थित घर पर पारंपरिक क्रिसमस लंच में शामिल हुईं थी।

करीना ने दिसंबर में अपनी दोस्त अमृता अरोड़ा के साथ करण जौहर के घर एक पार्टी में शामिल होने के बाद कोरोना से संक्रमित हो गई थी।

डिस्क्लेमर: यह आईएएनएस न्यूज फीड से सीधे पब्लिश हुई खबर है. इसके साथ न्यूज नेशन टीम ने किसी तरह की कोई एडिटिंग नहीं की है. ऐसे में संबंधित खबर को लेकर कोई भी जिम्मेदारी न्यूज एजेंसी की ही होगी.

## बहन शिल्पा शेट्टी को ऐसे देख चीख- चीख कर रोई शमिता शेट्टी, इसपर फैंस ने कर दिया ट्रोल



सलमान खान (Salman Khan)का नाम आते ही फैंस के चेहरे पर मुस्कान अपने आप ही आ जाती है और उनकी हर खबरों पर नजर रखना उनके फैंस अपनी जिम्मेदारी समझते हैं. इस साल का आगाज बिग बॉस (Bigg Boss season 15) के शो में बड़े ही हटकर हुआ हैं. कंटेस्टेंट और बिग बॉस के सेट पर आए गेस्ट के साथ सलमान खान ने साल 2022 का धमाकेदार आगाज किया है. नए साल के एपिसोड ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा के रख दिया है. शो में इस बार शिल्पा शेट्टी की लाडली बहना शमिता शेट्टी (Shamita Shetty)को एक प्यारा सा सरप्राइज मिला.

आपको बता दें, शमिता शेट्टी को बिग बॉस की तरफ से स्पेशल सरप्राइज़ मिला है. बिग बॉस के सेट पर कई सारे सितारों ने अपना जलवा बिखेरा जिसमें अनु मलिक (Anu Malik), पलक तिवारी (Palak Tiwari), सिंगर शेखर (Sheykhar) और जन्नत जुबेर (Jannat Zubair) जैसे बड़े स्टार शामिल थे. अब अपने प्वाइंट पर हम वापस आते हैं. तो शमिता के लिए बिग बॉस ने वीडियो कॉल पर उनकी बहन शिल्पा शेट्टी (Shilpa Shetty)से बात करवाई. बिग बॉस का यह एपिसोड काफी ज्यादा इमोशनल से भरा हुआ मिला. शिल्पा के साथ बात करते हुए शमिता फूट-फूट कर रोने लगी थीं, यहां तक शिल्पा भी इस दौरान काफी इमोशनल नजर आईं. लेकिन इस दौरान सलमान दोनों बहनों के साथ मस्ती करते नजर आए. ओवरऑल बिग बॉस की मैजिकल नाइट रही बड़ी ही शानदार, डांस- गाने के साथ किया गया साल 2022 का ग्रैंड आगाज़.


**फैंस ने कर दिया ट्रोल -**

बता दें, सोशल मीडिया पर लेकिन एक खबर ने खूब सुर्खियां बटोरीं कि आखिर शमिता ही को क्यों चुना गया. क्योंकि इस एपिसोड में और किसी के घर वालों से उनकी मुलाकात नहीं करवाई गई थी. केवल शमिता को ही उनके परिवार वालों से मिलने का मौका मिला था. वहीं सोशल मीडिया पर यूजर्स बाकी कंटेस्टेंट के साथ हो रहे भेदभाव से काफी नाराज नजर आएं और उन्हें टारगेट करने लगे. शमिता शेट्टी को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल (Shamita Shetty Troll)किया जा रहा है. लेकिन उनके लिए आगे के हफ्ते काटना आसान हो गया.



# उत्तम औषधि है काजू

मेवे का प्रयोग उत्तम औषधि के रूप में किया जाता है। क्योंकि मेवा स्वाद की नहीं बल्कि सेहत की दृष्टि से भी उतनी ही फायदेमंद हैं। काजू में मैग्नीशियम पाया जाता हैं जो उच्च रक्तचाप को कम करने में और दिल के दौररे को रोकने में मदद करता है। काजू कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी संतुलित रखता है। काजू में प्रोटीन की मात्रा काफी होती है जो बॉडी व हड्डियों को मजबूत बनाती है। चाहे मिठाई में काजू कतली हो या फिर दूसरे पकवानों में काजू का इस्तेमाल। काजू किसी भी आम डिश को शाही बना सकता है। अब जब काजू हमें इतना पसंद ही है तो इससे होने वाले लाभ के बारे में भी जान लेना चाहिए। काजू में प्रोटीन, खनिज लवण, लौह, फाइबर, फोलेट, मेग्नीशियम, फॉस्फोरस, सेलेनियम, और तांबा का अच्छा स्त्रोत है। काजू का तेल, स्कर्वी मस्सा और रिंगवर्म के उपचार के लिए इस्तेमाल किया जाता है। आप प्रतिदिन 7–10 काजू का सेवन कर सकते हैं। काजू खाने से मसूडों और दांतों को स्वस्थ रखता है। काजू में मोनो सैचुरेटड फैट होता है जो की दिल को स्वस्थ रखता है ओर दिल की बीमारियों के खतरे को कम करते में मदद करता है। काजू में एंटी ओक्सिडेंट भी होते हैं जो कैंसर से बचाव करता है। काजू पाचन शाक्ति को बढाता है। इससे भूख भी कहीं अधिक लगती है। आंतों में भरी गैस कम किया जा सकता है। काजू में पाए जानवाले फाइटो–केमिक्लस कैंसर और दूसरे बीमारियों से सुरक्षा करते हैं। जिन महिलाओं को मेनोपॉज है उन्हें तनाव, स्ट्रेस होनो एक आम सा समस्या है। उन महिलाओं को रोजाना एक काजू खाना चाहिए। काजू में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। काजू में अधिक एनर्जी होती है और इसमें अधिक मात्रा में फाइबर होता है। इसलिए इसको खाने से शरीर का वजन संतुलित रहता है।





# खीरे में हैं सेहत व सौन्दर्य के अनगिनत गुण

खीरा सेहत के लिए काफी लाभकारी माना जाता है। ये सेहत के साथ–साथ सौंदर्य में बहुत फायदेमंद होता है। कम फेट व कैलोरी से भरपूर खीरे का सेवन आपको कई रोगो से बचाने में सहायता करता है। खीरे को आप कई तरह से खा सकते हैं, जैसे सलाद, जूस, सैंडवीच, या यूं ही नमक छिडक कर भी खा सकते हैं। खीरे के स्वास्थ्यवद्र्धक और सौन्दर्यवद्र्धक गुण दोनों अनगिनत होते हैं जैसे आयुर्वेद के अनुसार खीरा, पित्त, रक्त पित्त दूर करने वाला तथा रक्तविकार और मूत्र कच्छ नाशक रूचिकर फल है। खीरे के प्रयोग से पेट तथा जिगर की जलन शांत होती है। खीरे का नियमित सेवन से मासिक धर्म में होने वाली समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। खीरा एक ऐसी सब्जी है जिसमें कोलेस्ट्रोल बिल्कुल नहीं होता। यह हृदय रोगी के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। एक अध्ययन के अनुसार खीरा में जो स्टे्रराल नाम का योगिक होता है वह कोलेस्ट्रोल को कम करने में मदद करता है। खीरे में कैलोरी कम और फाइबर उच्च मात्रा में होता है। इसलिए मीडे डे में भूख लगने पर खीरा खाने से पेट देर तक भरा हुआ रहता है। आयुर्वेद के मुताबिक पेट में गर्मी होने के वजह से मुंह से बदबू निकलता है, खीरा पेट को शीतलता प्रदान करने में मदद करता है।





# गर्भाशय में रसौली के लक्षण जान इस तरह करें घरेलू उपचार

**बिगड़ते लाइफस्टाइल में महिलाओं में कई समस्याएं देखने को मिलती है, इन्हीं में से एक फाइब्रॉइड यानी रसौली। फाइब्रॉइड या रसौली की गांठें महिलाओं के गर्भाशय में या उसके आसपास बनती है। इस बीमारी के ज्यादातर लक्षण न होने के कारण महिलाओं को इसका पता नहीं चल पाता। एक शोध के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत महिलाएं रसौली का शिकार होती है। वैसे तो अक्सर यह समस्या 30 से 50 की उम्र में देखने को मिलती है लेकिन गलत खान-पान के कारण यह समस्या इससे कम उम्र में हो जाती है। मोटापे से ग्रस्त महिलाओं का एस्ट्रोजन हार्मोन स्तर ज्यादा होने के कारण उन्हें इसका खतरा सबसे अधिक होता है। इस बीमारी के कुछ सामान्य लक्षणों से इसकी पहचान करके आप इससे बच सकते है। तो आइए जानते है फाइब्रॉइड के लक्षण और इसे दूर करने के कुछ घरेलू उपाय।**



### फाइब्रॉइड या रसौली के लक्षण

पीरियड्स के दौरान भारी ब्लीडिंग
अनियमित पीरियड्स
पेट के नीचे के हिस्से में दर्द
प्राइवेट पार्ट से खून आना
कमजोरी महसूस होना
प्राइवेट पार्ट से बदबूदार डिस्चार्ज
पेट में अचानक दर्द कब्ज
पेशाब रुक–रुककर आना

### फाइब्रॉइड या रसौली के घरेलू उपाय

#### केस्टर ऑयल

दिन में 2 बार केस्टर ऑयल और अदरक के रस को मिला कर लें। सुबह और रात में सोने से पहले इसका सेवन इस बीमारी को दूर करता है।

#### लहसुन

रसौली की समस्या होने पर खाली पेट रोज 1 लहसुन का सेवन करें। लगातार 2 महीने तक इसका सेवन इस समस्या को जड़ से खत्म कर देता है।

#### बरडॉक रूट

यह जड़ी–बूटी एस्ट्रोजन को डिटॉक्स कर गर्भाशय फाइब्रॉइड को कम करने में मदद करती है। एंटी–इंफ्लेमेंटरी गुण से भरपूर इस जड़ी–बूटी का सेवन इस समस्या और कैंसर के खतरे को कम करता है।

#### सेब का सिरका


गर्म पानी के साथ सुबह शाम सेब का सिरका पीने से फाइब्रॉइड की समस्या दूर होती है। इसके अलावा इसका सेवन फाइब्रॉइड से होने वाले पेट दर्द को भी दूर करता है।

#### चेस्टबेरी

यह हर्ब हार्मोन संतुलन करके एस्ट्रोजन के कम स्तर को बनाए रखने और सूजन को कम करने में मदद करता है। चेस्टबेरी हर्ब से बने मिश्रण की 25–30 बूंदों को दिन में दो से चार बार लेने से आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

#### हल्दी

एंटीबॉयोटिक गुणों से भरपूर हल्दी का सेवन शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकाल देता है। यह फायब्रॉइड की ग्रोथ को रोक कर कैंसर का खतरा कम करता है।



# दांतों में कैविटी की समस्या को इन तरीकों से करें दूर

**सफेद और सुंदर दांत व्यक्ति की खूबसूरती को और बढ़ादेते हैं। इनके बिना खाना खाने का कोई मजा नहीं आता। ऐसे में दांतों की सही देखभाल करना बहुत ही जरूरी होता है। कुछ लोग के गलत खान-पान या सही तरीके से दांतों की देखभाल न करने पर इनमें कैविटी यानी कीड़ा लग जाता है। यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। कई बार कीड़ा लगने से इतना दर्द होता है कि उसको सहन करना बहुत मुश्किल हो जता है। इस दर्द से छुटकारा पाने के लिए कई लोग दवाइयां और ट्रीटमेंट का सहारा भी लेते हैं। जो की बहुत मंहगा है। ऐसे में आप नैचुरल तरीके से भी दांतों में लगे कैविटी को आसानी से हटा सकते हैं। तो आइए जानते हैं उन तरीकों के बारे में।**

### क्या है कैविटी

शक्करयुक्त खाद्य पदार्थो यानि बिस्किट्स, चॉकलेट्स, आलू, केला को खाने से मुंह में अमल बनने लगते हैं। इससे दांतों में धीर–धीरे छोटे–छोटे से छिद्र बन जाते हैं। बाद में इन्हीं छिद्रों में कैविटी या कीड़ा लगत जाता है। इसके अलावा दांतों में संक्रमण होने पर भी कैविटी बन सकती है। इसका इलाज न करावाने पर दांतों के खराब होने का खतरा बढ़ जाता है। पीड़ित व्यक्ति को दांत खोने पड़ सकते हैं।

### ऐसे करे कैविटी से बचाव

मिठाई, कैंडी और चॉकलेट खाना कम करें।
शक्करायुक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें।
ज्यादा मिठ्ठा फल न खाएं।
सोडा न पीएं। इसमें 12 से 40 ग्राम चीनी की मात्रा होती है जो कि दांतों के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं होती। खाने के बाद कुल्ला करें।
तेल और मसालेदार भोजन न खाएं।
ज्यादा गर्म या ठंडा खाना खाने से बचें।

### कैविटी लगे दांतों का घरेलू इलाज

#### नारियल या सूरजमुखी का तेल

कीड़ा लगे दांतों में तेल भरना सबसे बेस्ट घरेलू तकनीक है। इसके लिए आप नारियल तेल या सूरजमुखी का तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। 1 चम्मच तेल को अपने मुंह में कम से कम 20 मिनट तक रखें। इसके बाद कुल्ला करें और ब्रश कर लें। कुछ दिनों तक ऐसा करने से आपको खुद ही फर्क दिखाई देने लगेगा।

#### फ्लोराइड

यह एक तरह का प्राकृतिक खनिज पदार्थ है। यह दांतों में किसी भी प्रकार का रोग नहीं होने देता है। दातों को सुरक्षित रखने के लिए उस पानी का इस्तेमाल करें जिस में फ्लोराइड की मात्रा ज्यादा हो। इसके साथ ही टूथ पेस्ट से रोजाना दो बार ब्रश करें।

#### हींग

हींग का इस्तेमाल करने से भी दांतों के कीड़े खत्म हो जाते हैं। हींग के पाउडर को पानी में डालकर उबा लें। इसके ठंड़ा होने पर इस पानी से कुल्ला करें। रोजाना ऐसा करने से दांत के कीड़े खत्म हो जाएंगे। इसके साथ ही दांतों में होने वाले दर्द से भी छुटकारा मिलेगा।

#### प्याज के बीज

दांतों के कीड़े को नष्ट करने के लिए प्याज के बीजों का इस्तेमाल करें। इसके बीजों को चबाने से कीड़े जल्द ही खत्म हो जाते हैं। आप चाहें तो प्याज को बारिक काट कर भी इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। एक कटोरे बारिक कटा प्याज डालकर उसमे इसमें थोड़ा–सा तेल डालकर कम आंच पर गर्म करें। इससे निकलने वाले धुएं को मुंह में लेने से भी कीड़े मर जाते हैं।





# खट्टे-मीठे बेर में समाएं कई गुण

आयुर्वेद के अनुसार बेर दिल की सेहत के लिए बहुत ही लाभकारी है। बेर खाने से कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल रहता है, जिससे दिल से जुछी बीमारियां होने की आशंका कम हो जाती है। बरे खाने से बार–बार प्यार लगने की शिकायत भी दूर होती है। खट्टे–मीठे बेर में पोटैशियम, कॉपर, आयरन, फॉस्फोरस और खनिज पदार्थ आदि भी होते हैं। इन सभी तत्वों से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है और शरीर में रोगों से लडने की क्षमता बढती है। गर्मियों में पौधे सुषुप्तावस्था में प्रवेश कर जाते हैं व उस समय पत्तियां अपने आप ही झड जाती हैं तब पानी की आवश्यकता नहीं के बारबर होती है। इस तरह बेर अधिक तापमान तो सहन कर लेता है लेकिन शीत ऋतु में पडने वाले पाले के प्रति अतित संवेदनशील होता है। क्योंकि इसमें कम पानी व सूखे से लडने की विशेष क्षमता होती है। जिस तरह नींबू और संतरे में विटामिन सी प्रचुर मात्रा पाई जाती हैं उसी तरह बेर में भी। बेर में अन्य फलों के मुकाबले विटामिन–सी और एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा मात्रा में होते हैं। इसके सेवन से त्वचा बढती उम्र तक जवां बनी रहती हैं। इसमें विटामिन सी की मात्रा खट्टे फलों से 20 गुना तक अधिक होती है। बेर की गुठली को घिसकर आंखों में काजल की तरह लगाने से कनीनिका प्रदाह ठीक हो जाता है। आंखों से बहने वाला पानी भी बंद हो जाता है। बेर के पत्तों को पानी में काफी समय तक उबालकर काढा बनाकर छानकर पीने से शरीर की बढती चर्बी कंट्रोल हो जाती है। चेचक में बेर के पत्तों का रस भैंस के दूध के साथ रोगी को देने से रोग का वेग कम होता है। बेर में 6 ग्राम पत्तों के चूर्ण को 2ग्राम गुड के साथ मिलाकर रोगी को खिलाने से भी 2–3 दिन में चेचक खत्म होने लगता है।



# दक्षिण अमेरिकी टीम के खिलाफ खेलने से एशियाई कप से पहले आत्मविश्वास मिलाः मनीषा

**एजेंसी ■ कोच्चि**

भारत की महिला फुटबॉल टीम की फारवर्ड मनीषा कल्याण का मानना है कि एएफसी एशियाई कप से पहले दक्षिण अमेरिका की तकनीकी रूप से दक्ष टीम के खिलाफ खेलने से टीम का महाद्वीप के शीर्ष टूर्नामेंट से पहले आत्मविश्वास बढ़ा है। एआईएफएफ टीवी के साथ लाइव चैट में मनीषा ने ब्राजील, चिली और वेनेजुएला के खिलाफ खेले तीन मुकाबलों के संदर्भ में बात की। मनीषा ने कहा, उन तीन टीम के खिलाफ खेलना हमारे लिए शानदार अनुभव था। वे ऐसी टीम हैं जिनकी खिलाड़ी तकनीकी रूप से हमारे से बेहतर हैं और उनके साथ खेल की गति को बनाए रखना ही बेहद मुश्किल था। उन्होंने कहा, हमें एकजुट होना था और एक इकाई के रूप



में खेलना था। मुझे लगता है कि हमने उन तीन मैच में अच्छी छाप छोड़ी। इससे हमें काफी आत्मविश्वास मिला। मनीषा ने कहा, अब हमें पता है कि विरोधी टीम का स्तर चाहे कितना भी अच्छा हो, जब एकजुट होकर उन्हें कड़ी टक्कर दे सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। एकजुटता की इस भावना ने एशियाई कप से पहले सभी को जोश में भर दिया है। मनीषा ने अपने 20वें जन्मदिन से सिर्फ एक दिन पहले ब्राजील के खिलाफ यादगार गोल दागा जो दुनिया की शीर्ष 10 में शामिल टीम के खिलाफ भारत की किसी महिला फुटबॉलर का पहला गोल था। उन्होंने कहा, यह निश्चित तौर पर मेरे लिए विशेष लम्हा था। मैं हमेशा ब्राजील की टीम की प्रशंसक रही हूं। मैं रोनाल्डिन्हो और नेमार जैसे खिलाड़ियों को खेलते हुए देखकर बड़ी हुई हूं और ब्राजील फुटबॉल की शैली हमेशा मुझे प्रभावित करती है। मनीषा ने कहा, यह बड़ा लम्हा था लेकिन यह अंत नहीं है। मुख्य लक्ष्य अब भी फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना है। और मैं अपने देश के लिए गोल करते रहना चाहती हूं। भारतीय टीम पिछले पांच महीने से नए मुख्य कोच थॉमस डेनरबी के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग कर रही है और पंजाब के होशियारपुर की इस फारवर्ड का मानना है कि टीम की अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ियों को स्वतंत्रता दी गई है।

> मनीषा ने कहा, अब हमें पता है कि विरोधी टीम का स्तर चाहे कितना भी अच्छा हो, जब एकजुट होकर उन्हें कड़ी टक्कर दे सकते हैं और अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। एकजुटता की इस भावना ने एशियाई कप से पहले सभी को जोश में भर दिया है।

## एक नजर

### लेंजिनी के दो गोल से वेस्ट हैम ने क्रिस्टल पैलेस को हराया

**लंदन।** मैनुअल लेंजिनी के दो गोल की बदौलत वेस्ट हैम ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को क्रिस्टल पैलेस को 3-2 से शिकस्त दी। पहले हाफ में तीन मिनट में दो गोल दागकर वेस्ट हैम ने लंदन डर्बी में अपनी पकड़ मजबूत की। माइकल एंटोनियो ने 22वें मिनट में सत्र का अपना पहला गोल करके वेस्ट हैम को बढ़त दिलाई जिसके बाद लेंजिनी ने 25वें मिनट में स्कोर 2-0 कर दिया। लेंजिनी ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर वेस्ट हैम को 3-0 से आगे कर दिया। ओडसोने एडवर्ड (83वें मिनट) और माइकल ओलिस (90वें मिनट) ने अंतिम मिनटों में गोल दागकर क्रिस्टल पैलेस को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन टीम को हार से नहीं बचा पाए। इस जीत से वेस्ट हैम की टीम शीर्ष चार में जगह बनाने से सिर्फ एक अंक पीछे है।

### एटीपी कपः अमेरिका ने कनाडा, रूस ने फ्रांस को हराया

**सिडनी।** अमेरिका ने एटीपी कप टेनिस टीम टूर्नामेंट में रविवार को कनाडा को हराया जबकि गत चैंपियन रूस ने फ्रांस को शिकस्त दी। जॉन इसनर और टेलर फ्रिट्ज ने एकल मुकाबले में कनाडा के अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराने के बाद युगल मैच जीता जिससे टीम ने 3-0 से मुकाबला अपने नाम किया। इसनर ने ब्राइडन शनुर को एकल मुकाबले में 66 मिनट में 6-।6-4 से हराकर अमेरिका को शुरुआती बढ़त दिलाई। थकान के कारण शुरुआती एकल मुकाबले से अंतिम लम्हों में हटने वाले डेनिस शापोवालोव की जगह शनुर को उतारा गया। हाल में पश्चिम एशिया में एक टूर्नामेंट के दौरान कोविड-19 से संक्रमित होने के बाद शापोवालोव इससे उबर रहे हैं। फ्रिट्ज ने इसके बाद एक सेट से पिछड़ने के बाद दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी फेलिक्स आगर एलियासिम को 6-7 (6) 6-4 6-4 से हराकर अमेरिका को विजई बढ़त दिलाई। इसनर और फ्रिट्ज ने आगर एलियासिम और शापोवालोव के खिलाफ युगल मुकाबला भी 6-4, 6-4 से जीता।

## फुटबॉल

### मेस्सी कोविड पॉजिटिव पाए गए पीएसजी के चार खिलाड़ियों में शामिल

**एजेंसी ■ पेरिस**



सात बार के बेलोन डियोर पुरस्कार विजेता लियोनल मेस्सी पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) टीम के उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो सोमवार रात टीम के फ्रेंच कप फुटबॉल मुकाबले से पहले कोरोना वायरस पॉजिटिव पाए गए। पीएसजी टीम ने शनिवार रात बयान में कहा था कि स्टाफ का एक सदस्य भी कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। उस समय किसी के नाम का खुलासा नहीं किया गया था लेकिन बाद में रविवार को टीम के चिकित्सा समाचार में क्लब ने संक्रमित खिलाड़ियों की सूची में मेस्सी, लेफ्ट बैक युआन बेर्नाट, बैकअप विकेटकीपर सर्जियो रिको और 19 साल के मिडफील्डर नाथन बिटुमाजाला के नाम की जानकारी दी। पीएसजी को तीसरे टीयर की टीम वेनेस से भिड़ना है। पिछले साल का उप विजेता मोनाको रविवार को दूसरे टीयर की टीम क्युविली रोवेन से भिड़ेगा। रविवार को 13 मुकाबले होंगे जिनमें टीम अंतिम 16 में जगह बनाने की दावेदारी पेश करेंगी। मोनाको ने शनिवार को कहा था कि उसके साथ खिलाड़ी कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं लेकिन उनमें से किसी में भी चिंताजनक लक्षण नहीं दिखे हैं और वे पृथकवास पर हैं।

## क्रिकेट टेस्ट

# इतने शोर के बावजूद पिछले 20 दिन में असाधारण रहे कोहली, जल्दी ही रन बनाएंगे : द्रविड़

**एजेंसी ■ जोहानिसबर्ग**



भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने चैम्पियन बल्लेबाज और टेस्ट कप्तान विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा है कि उन्हें लेकर इतने शोर के बावजूद वह असाधारण रहे हैं। सीमित ओवरों की कप्तानी को लेकर कोहली और बीसीसीआई में ठनी हुई है। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका रवाना होने से पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली के बयान का खंडन करते हुए कहा था कि उन्हें टी20 टीम की कप्तानी छोड़ने पर पुनर्विचार के लिए कभी नहीं कहा गया था। कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ी और वनडे कप्तानी से उन्हें हटाया गया। उसके बाद से कोहली मीडिया से मुखातिब नहीं हुए हैं। द्रविड़ ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा , पिछले 20 दिन में विराट असाधारण रहा है।उसे लेकर इतने शोर के बावजूद उसने जिस तरह अभ्यास किया, तैयारी की और टीम के साथ जुड़ा रहा, वह शानदार है। उन्होंने कहा , मैं जानता हूं कि इस मैच से पहले से ही बाहर काफी शोर है लेकिन टीम का मनोबल बनाए रखना मुश्किल नहीं था। खुद कप्तान ने मोर्चे से अगुवाई की। यह पूछने पर कि इस दौरे पर अभी तक वह मीडिया से मुखातिब क्यों नहीं हुए, द्रविड़ ने कहा , इसका कोई खास कारण नहीं है। मैं इस पर फैसला नहीं लेता लेकिन मुझे कहा गया है कि वह अपने 100वें टेस्ट की पूर्व संध्या पर बात करेंगे तो आप उनसे तभी सारे सवाल पूछ सकते हैं। कोहली का सौवां टेस्ट इस श्रृंखला का तीसरा और आखिरी टेस्ट होगा जो केपटाउन में 11 जनवरी से खेला जाएगा। हाल ही में मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने कोहली के बयान का खंडन करते हुए कहा कि उनसे अनुरोध किया गया था कि टी20 विश्व कप खत्म होने तक फैसला रोके रहें। बतौर बल्लेबाज कोहली का फॉर्म भी एक मसला है जो पिछले दो साल में अच्छी शुरूआत को बड़ी पारियों में बदल नहीं पा रहे हैं। द्रविड़ ने कहा , मैच शुरू होने के बाद कोच ज्यादा कुछ नहीं कर सकता। नतीजों पर नियंत्रण नहीं हो सकता। हम अच्छी तैयारी पर जोर दे रहे हैं ताकि टीम अच्छे फॉर्म में रहे। उन्होंने कहा , जिस तरह से वह अपनी तैयारी और अभ्यास कर रहा है और पिछले दो सप्ताह में मैदान के भीतर और बाहर जिस तरह टीम से जुड़ा रहा, वह वास्तव में शानदार कप्तान है। कोच ने कहा , इससे पहले टेस्ट की तैयारी में आसानी हुई।

विराट ने काफी जिम्मेदारी खुद संभाली और उसके साथ काम करने में मजा आता है। निजी तौर पर भी वह अच्छी लय में है और जल्दी ही बड़ी पारियां खेलेगा। उन्होंने कहा , उसे टीम के साथ देखकर लगता है कि वह कितनी शांति से तैयारी करता है और कोई दबाव नहीं लेता। हो सकता है कि अगले मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके लेकिन जल्दी ही खेलेगा। मुझे पूरा यकीन है। यह पूछने पर कि क्या बायो बबल में रहने की थकान कोहली और अजिंक्य रहाणे के खराब फॉर्म का कारण है, द्रविड़ ने कहा , बहुत सारी बातें हो सकती है। आपके कैरियर में ऐसा दौर आता है जब आपको लगता है कि आप अच्छा खेल रहे हैं लेकिन बड़े स्कोर नहीं बन रहे। यह सभी के साथ होता है। उन्होंने कहा , लेकिन अच्छी बात यह है कि वे अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और जल्दी ही बड़ा स्कोर बनाएंगे।

चेतेश्वर पुजारा के फॉर्म को लेकर उन्होंने कहा कि यह अभी चिंता का विषय नहीं है। उन्होंने कहा , मुझे चिंता शब्द के इस्तेमाल से ही नफरत है। वह अपनी ओर से पूरी कोशिश कर रहा है। उसने ऊंचे मानदंड कायम किए हैं और दस साल में काफी सफल रहा है। उन्होंने कहा , कई बार ऐसा दौर आता है लेकिन यह चिंता का विषय नहीं है। लेकिन क्रीज पर जमने के बाद आप शीर्ष तीन या चार बल्लेबाजों से बड़ी पारियों की उम्मीद करते हैं। पहले टेस्ट में के एल राहुल के शतक से उसकी उपयोगिता पता चली। द्रविड़ ने यह भी कहा कि पिछले मैच में गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों को शॉट्स के चयन में सावधानी बरतनी होगी।

### इंग्लैंड की खिलाफ 5-0 से जीत की कोशिश करेगा आस्ट्रेलियाः लियोन

**एजेंसी ■ सिडनी**

आस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज नाथन लियोन ने रविवार को कहा कि उनकी टीम एशेज श्रृंखला के बाकी बचे दोनों मैच जीतकर इंग्लैंड का सूपड़ा साफ करने के लिए प्रतिबद्ध है। लियोन ने कहा, हम ऐसा करने के लिए प्रतिबद्ध है। 2017-18 में पिछली बार भी उनके नाम के आगे शून्य था। उस समय परिणाम 4-0 था। हम इस बार इसे 5-0 करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, मैं यह सोचकर कभी टेस्ट श्रृंखला में नहीं गया कि मैं एक टेस्ट मैच हारेंगे या श्रृंखला हारेंगे। हम हर टेस्ट मैच जीतने के लिए मैदान में जाते है , इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम किसके खिलाफ खेल रहे है। लियोन ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमारा पूरा ध्यान अब एससीजी (सिडनी क्रिकेट मैदान) में अपनी बढ़त को 4-0 करने पर है। फिर होबार्ट पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जो एक बड़ी चुनौती होगी।

पांच मैचों की श्रृंखला का चौथा टेस्ट पांच जनवरी को एससीजी में खेला जाएगा। आस्ट्रेलिया की टीम ने मेलबर्न में सफलता के साथ लगातार तीन मैच जीतकर श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर ली है।

### इंग्लैंड के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**एजेंसी ■ मेलबर्न**

अपने परिवार के साथ यहां पृथकवास में रह रहे इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मुख्य कोच क्रिस सिल्वरवुड को कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाया गया है। होबार्ट में खेले जाने वाले पांचवें टेस्ट मैच से पहले उनके टीम के साथ जुड़ने की संभावना है। सिल्वरवुड बुधवार को सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट से पहले ही दल से बाहर हो गए थे। उनके परिवार के एक सदस्य के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद उन्हें पृथकवास में रहना पड़ रहा था। स्काई स्पोर्ट्स के मुताबिक इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बयान जारी कर बताया, सिल्वरवुड अपने परिवार के एक सदस्य के कोविड-19 पॉजिटिव होने के बाद 30 दिसंबर से मेलबर्न में पृथकवास पर हैं। वह आठ जनवरी तक पृथकवास में रहेंगे। ईसीबी ने कहा कि सिल्वरवुड में बीमारी के लक्षण नहीं दिख रहे हैं और उनका पूर्ण टीकाकरण हो गया है। उन्होंने बताया, उम्मीद है कि होबार्ट में खेले जाने वाले पांचवें एशेज टेस्ट से पहले सिल्वरवुड की इंग्लैंड के दल में वापसी हो जाएगी। एशेज श्रृंखला के शुरुआती तीनों मुकाबलों में हार के बाद सिल्वरवुड को इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ियों की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।

### नीरज चोपड़ा के कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज का अनुबंध 2024 ओलंपिक तक बढ़ा : एएफआई

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**



भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को पुष्टि की कि ओलंपिक चैम्पियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा जर्मनी के अपने कोच क्लॉस बार्टोनिट्ज के साथ अभ्यास करना जारी रखेंगे, जिनका अनुबंध 2024 में होने वाले पेरिस खेलों तक बढ़ा दिया गया है। तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद चोपड़ा ने जर्मनी के इस बायो-मैकेनिकल विशेषज्ञ के साथ प्रशिक्षण जारी रखने की इच्छा जताई थी। एएफआई ने कहा, हमने 2024 के पेरिस खेलों तक ओलंपिक भाला फेंक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा के कोच डॉ. क्लाउस बार्टोनिट्ज की सेवाएं हासिल कर ली हैं। चोपड़ा की 2018 में कोहनी की सर्जरी के बाद पुनर्वास और ठीक होने की प्रक्रिया के दौरान बार्टोनिट्ज ने हमवतन और पूर्व विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी उवे हॉन से चोपड़ा के कोच के रूप में कार्यभार संभाला था। एएफआई ने यह भी कहा कि 400 मीटर की कोच गैलिना बुखारीना भी चीन के हांगझोऊमें इस साल के एशियाई खेलों के अंत तक अपना कार्यभार संभालेंगी। बुखारीना की देखरेख में मोहम्मद अनस याहिया, नोआ निर्मल टॉम, अरोकिया राजीव और अमोज जैकब की पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने तोक्यो ओलंपिक में नया एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। एएफआई ने हाल ही में खेल मंत्रालय को प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए वार्षिक कैलेंडर पेश किया है।

**एयर स्पार्ट्स** राष्ट्रीय खेल नीति तैयार करने के साथ इस तरह के खेलों के लिए एक शीर्ष निकाय के गठन की योजना बना रही है।

# एयर स्पोर्ट्स के लिए खेल नीति बनाएगी सरकार

**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

सरकार एयर स्पोर्ट्स के लिए राष्ट्रीय खेल नीति तैयार करने के साथ इस तरह के खेलों के लिए एक शीर्ष निकाय के गठन की योजना बना रही है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय एयर स्पोर्ट्स नीति (एनएएसपी 2022) के मसौदे पर 31 जनवरी तक जनता से टिप्पणी मांगी है। मंत्रालय के अनुसार उसकी योजना एयर स्पोर्ट्स को सुरक्षित, सस्ता, सुलभ, आनंददायक और टिकाऊ बनाकर बढ़ावा देना है। नीति में एरोबेटिक्स , एरोमॉडलिंग , अमेच्योर बिल्ट और प्रायोगिक विमान के साथ बैलूनिंग , ड्रोन , स्काईडाइविंग और विंटेज विमान जैसे खेल शामिल होंगे। इस नीति के तहत, एक भारतीय एयर



स्पोर्ट्स महासंघ (एएसएफआई) को सर्वोच्च शासी निकाय के रूप में स्थापित किया जाएगा, जबकि प्रत्येक एयर स्पोर्ट्स के लिए अलग-अलग संघ दैनिक गतिविधियों को संभालेंगे। सभी एयर स्पोर्ट्स संघ एएसएफआई के प्रति जवाबदेह होंगे। इसके अलावा, एएसएफआई इस खेल की अंतरराष्ट्रीय निकाय एफएआई (फेडरेशन एरोनॉटिक इंटरनेशनेल यानी अंतरराष्ट्रीय एरोनॉटिक महासंघ) और एयर स्पोर्ट्स से संबंधित अन्य वैश्विक मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करेगा। एफएआई का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लुसाने में है मंत्रालय ने कहा, उसका दृष्टिकोण 2030 तक भारत को शीर्ष एयर स्पोर्ट्स देशों में से एक बनाना है। इस मसौदे को एक समिति द्वारा तैयार किया गया है जिसमें केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, भारतीय सशस्त्र बल, एयरो क्लब ऑफ इंडिया , राष्ट्रीय कैडेट कोर और एयर स्पोर्ट्स के विशेषज्ञ शामिल हैं।

> नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने राष्ट्रीय एयर स्पोर्ट्स नीति (एनएएसपी 2022) के मसौदे पर 31 जनवरी तक जनता से टिप्पणी मांगी है।

## हॉकी

### रूस और चेक गणराज्य की जूनियर आइस हॉकी टीम के सदस्यों को विमान से उतारा गया



**एजेंसी ■ कैलगरी (कनाडा)**

रूस और चेक गणराज्य की विश्व जूनियर आईस हॉकी टीम को नए साल की पूर्व संध्या पर कैलगरी से जर्मनी के फ्रेंकफर्ट जाने वाले विमान से उतार दिया गया क्योंकि साथी मुसाफिरों ने कहा था कि रूस की टीम ने धूम्रपान करके और मास्क पहनने से इनकार करके हंगामा किया। कैलगरी पुलिस ने शनिवार को बयान में कहा कि उसकी हवाई अड्डा इकाई के अधिकारियों ने शुक्रवार शाम पांच बजकर 45 मिनट पर एयर कनाडा के विमान में हंगामे की शिकायत पर कार्वाई की। बयान में हालांकि यह नहीं कहा गया कि किसने हंगामा किया और क्या किसी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने द कनाडा प्रेस की आगे की सूचना देने के आग्रह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। एयर कनाडा ने भी अब तक सूचना के आग्रह पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। टीम के सदस्य रेड डीयर और एडमंटन में बुधवार को रद्द की गई जूनियर चैंपियनशिप से स्वदेश लौट रहे थे। कोविड-19 के प्रकोप के कारण प्रतियोगिता को रद्द किया गया। रूस के कोच सर्जेई जुबोव ने रूस के समाचार पत्र इज्वेस्तिया से कहा, मास्क से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने के लिए चेक गणराज्य और रूस की टीम को विमान से उतार दिया गया। काफी कड़े नियम हैं। चेक गणराज्य के टीम मैनेजर ओटाकर सेर्नी ने कहा कि विमान के कर्मचारियों ने संभवतः उनकी टीम को रूस के खिलाड़ियों के साथ जोड़ दिया क्योंकि उन्होंने समान सलेटी रंग की जर्सी पहनी थी।